कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 374, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 09 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'ईडी की वजह से एक मंच पर आया विपक्ष'

## देश के 140 करोड़ लोग मेरा सुरक्षा कवच, देश पास होता जा रहा है डिस्टिंक्शन पर: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद करता हूं। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे पहले भी कई बार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद करने का अवसर मिला है, लेकिन इस बार मैं धन्यवाद के साथ-साथ राष्ट्रपति जी का अभिनंदन भी करना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि अपने विजनरी भाषण में राष्ट्रपति ने हम सबको और करोड़ों देशवासियों का मार्गदर्शन किया है। गणतंत्र के मुखिया के रूप में उनकी उपस्थिति ऐतिहासिक और देश की बहन-बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। कई सांसदों ने चर्चा में हिस्सा लिया। अपने-अपने आंकड़े और तर्क दिए। सांसदों ने अपनी रुचि के अनुसार अपनी बातें रखीं। जब इन बातों को गौर से सुनते हैं, समझने का प्रयास करते हैं। तो ध्यान में आता है कि किसकी कितनी क्षमता, योग्यता, समक्ष और इरादा है। देश भी इसका मूल्यांकन करता है।



**पीएम मोदी का तंज:** कुछ लोगों के भाषण के बाद पूरा ईकोसिस्टम, समर्थक उछल रहे थे। खुश होकर कहने लगे, ये हुई न बात! शायद नींद भी अच्छी आई होगी, शायद आज उठ भी नहीं पाए होंगे। ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, अच्छे ढंग से कहा गया हैङ्क

**कुछ लोग दुखी हैं:** हमारे पड़ोस में जिस प्रकार से हालात बने हुए हैं। कौन इस पर गर्व नहीं करेगा कि ऐसे समय में भी देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर पॉजिटिविटी है। देश के लिए गर्व की बात है, लेकिन मुझे लगता है शायद इससे भी कुछ लोगों को दुख हो रहा है।

**गौरव के क्षण हम जी रहे हैं:** एक समय था छोटी-छोटी टेक्नोलॉजी के लिए देश तरसता था। आज देश बड़ी ताकत के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया के लोग अपने वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट भी नहीं देख पाते हैं। आज हम इसे मोबाइल में ही देख सकते हैं। सदन में हंसी-मजाक, टीका-टिप्पणी, नोंक-झोंक होती रहती है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज राष्ट्र के रूप में गौरवपूर्ण अवसर हमारे सामने खड़े हैं। गौरव के क्षण हम जी रहे हैं।

**देश की प्रगति को स्वीकार नहीं कर पा रहे कुछ लोग:** निराशा में डूबे कुछ लोग इस देश की प्रगति को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। उन्हें भारत के लोगों की उपलब्धियां नहीं दिखती हैं। देशवासियों के प्रयास का परिणाम है, जिसके कारण दुनिया में डंका बज रहा है। बीते 9 सालों में भारत में 90 हजार स्टार्टअप... दुनिया में हम स्टार्टअप के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। इतने कम समय में 108 यूनिकॉर्न बने। 100 साल में आई यह भयंकर महामारी, दूसरी तरफ युद्ध की स्थिति, बटां हुआ विश्व और इस संकट के माहौल में भी देश को जिस तरह से संभाला गया है, इससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है।

**खेल की दुनिया में भारत का परचम:** खेल की दुनिया में खिलाड़ी अपना रुतबा दिखा रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है। बेटियों की भागीदारी बराबर होती जा रही है। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्पोर्ट्स के अंदर भारत का परचम... हमारे बेटे-बेटियां लहरा रही हैं।

**निराशा में डूबे कुछ लोग: मोदी**

कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। काका हाथरसी ने कहा था, "आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीन।" निराशा का कारण है... जनता का बार-बार हुकुम, लेकिन साथ-साथ इस निराशा के बीचे जो मन में पड़ी चीज है। वो चैन से सोने नहीं देती है। 2004 से 2014 भारत की अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। 10 साल में महंगाई डबल थी। इसलिए कुछ अच्छा होता है तो निराशा होती है। जिन्होंने बेरोजगारी दूर करने के वादे किए थे।

**...बाघ को दिखाया बंदूक का लाइसेंस:** एक बार जंगल में दो नौजवान शिकार करने के लिए गए। वो गाड़ी में अपनी बंदूक रखकर बाहर टहलने लगे, लेकिन वहीं पर उन्हें बाघ दिखाई दिया। बाघ दिखा तो उन्होंने लाइसेंस दिखाया कि मेरे पास बंदूक का लाइसेंस है। इन्होंने भी बेरोजगारी दूर करने के नाम पर कानून दिखाया। ये इनकी तरीके हैं।

**यूपीए की सरकार पर हमला**

2004 से 2014 आजादी के इतिहास में घोटालों का समय रहा। कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत के हर कोने में आतंकवादी हमलों का सिलसिला 10 साल चलता रहा।

हर नागरिक असुरक्षित था। 10 साल में जम्मू-कश्मीर में हिंसा होती रहती थी। 10 सालों में भारत की आवाज ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर कमजोर थी। दुनिया इसे सुनने के लिए तैयार नहीं थी। आज हर मौके को मुसीबत में पलटना यूपीए की पहचान बन गई है।

**पूरी दुनिया में ब्लैकआउट चर्चा में आया:** ऊर्जा का देश के विकास में अपना एक महत्व होता है। भारत की ऊर्जा शक्ति के उभार की दिशा में चर्चा की जरूरत थी। इस सदी के दूसरे दशक में भारत की चर्चा ब्लैकआउट के नाम पर हुई। पूरी दुनिया में ब्लैकआउट चर्चा में आ गया। कोयला घोटाला चर्चा में आ गया।

# 'लोकतंत्र में आलोचना का महत्व'



**लोकतंत्र** में आलोचना का बहुत महत्व है। सदियों से लोकतंत्र हमारी रगों में पनपा हुआ है। आलोचना लोकतंत्र की मजबूती के लिए, लोकतंत्र की आत्मा के लिए आलोचना एक शुद्धि यज्ञ है। बहुत दिनों से इंतजार कर रहा हूं कोई तो आलोचना करेगा, लेकिन आरोपों में 9 साल गंवा दिए। चुनाव हारने पर ईवीएम को दोष, चुनाव आयोग को गाली... क्या तरीका है। अगर भ्रष्टाचार की जांच हो रही है तो जांच एजेंसियों को गाली दो। अगर सेना पराक्रम करे तो सेना की आलोचना करो। कभी देश के विकास की चर्चा हो तो आरबीआई को गाली दो।

**कांग्रेस की बर्बादी पर होगी स्टडी: मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को हार्वर्ड का क्रेज है। कोरोना काल में ऐसा ही कहा गया था कि भारत की बर्बादी पर हार्वर्ड में स्टडी होगी। कल फिर सदन में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की स्टडी की बात हुई, लेकिन बीते सालों में हार्वर्ड एक बढ़िया स्टडी हुई। उसका टॉपिक था... द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडिया कांग्रेस पार्टी... मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड ही नहीं बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटियों में भी स्टडी होनी है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी स्टडी होगी। 2014 से ये लगातार कोस रहे हैं कि भारत कमजोर हो रहा है। भारत की कोई सोन नहीं रहा है। भारत का कोई वजूद नहीं है। अब ये लोग कह रहे हैं कि भारत इतना मजबूत हो गया है कि दूसरे देशों को धमकाकर फैसले करवा रहा है। पहले ये तो तय करो कि भारत कमजोर हुआ या मजबूत हुआ है।

# अगले वर्ष रामलला के दर्शन करने आइए: योगी

## त्रिपुरा विधानसभा के चुनावी समर में लगातार दूसरे दिन भी गरजे यूपी के सीएम

**फटीकराय/सूर्यमणि नगर:** त्रिपुरा में दो दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तीन जनसभाओं में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने त्रिपुरा की जनता को अयोध्या में निमार्णाधीन भव्य राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया। विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जितना कार्य विगत पांच वर्ष में हुआ है, उसका आधा भी कम्युनिस्ट 35 वर्ष में नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाओं को त्रिपुरा सरकार न सिर्फ धरातल पर ला रही है, बल्कि हर जरूरतमंद को उसका लाभ मिले, इसकी भी पूरी ईमानदारी से मॉनीटरिंग की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुखिया ने त्रिपुरा के लोगों का आह्वान किया कि अगले वर्ष तक रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे, आप दर्शन करने अयोध्या आइए। पूरा उत्तर प्रदेश आपके स्वागत को तैयार रहेगा। मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा की जीत और सीपीएम-कांग्रेस प्रत्याशियों के जमानत जब्त कराने की भी अपील की। त्रिपुरा की जनता ने भी योगी आदित्यनाथ का जोशीले अंदाज में स्वागत व अभिनंदन किया। रैलियों में बुलडोजर खड़े रहे तो गीतों के जरिए बुलडोजर बाबा की जय-जयकार भी हुई।



**...तो कांग्रेस-सीपीएम के गुंडे खा जाते राशन:**

फटीकराय विधानसभा क्षेत्र के विधायक व भाजपा उम्मीदवार सुधांगसु दास के पक्ष में विजय संकल्प रैली में योगी ने कहा कि पांच वर्ष पहले भी मैं इनके समर्थन की अपील के लिए आया था।

## तेजस्वी जदयू के नेता नहीं: उपेंद्र कुशवाहा

**पटना:** नीतीश कुमार की जदयू पार्टी से नाराज चल रहे उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री के सामने नई शर्त रख दी है। उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को पटना में कहा कि अगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजद के नेता तेजस्वी यादव को जदयू की कमान सौंपने की बात से इनकार करेंगे, तो वह अपना विद्रोह छोड़ देंगे। कुशवाहा ने कहा कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए। बिहार की जनता जो चाहती है, वही काम हो।

**पांच रुपये की सदस्यता लेकर जदयू में रहेंगे कुशवाहा:** उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुझे कोई पद नहीं चाहिए।

# रेपो रेट में 0.25 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी की है। आरबीआई ने मौजूदा चालू वित्त वर्ष में लगातार छठी बार नीतिगत ब्याज दर में इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के साथ ही रेपो रेट बढ़कर 6.50 फीसदी पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक के रेपो दर में इजाफा के बाद होम लोन की ईएमआई बढ़ जाएगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत ने बुधवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन चली समीक्षा बैठक के बाद रेपो रेट में 0.25 फीसदी बढ़ोतरी का ऐलान किया। शक्तिकांत दास ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि एमपीसी के छह में से 4 सदस्यों ने रेपो रेट बढ़ाने के पक्ष में अपनी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि जनवरी-मार्च 2023 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर 5.6 फीसदी रहने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल इसी समय पर यह 5.9 फीसदी रही थी। आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया। हालांकि, दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 7 फीसदी ही रखा गया है। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई दर 4 फीसदी के दायरे से ऊपर रहने की संभावना जताई है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने इससे पहले दिसंबर, 2022 में रेपो दर में 0.35 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। केंद्रीय बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष में अबतक छह बार नीतिगत ब्याज दर में इजाफा किया है। इससे पहले रेपो दर तीन बार 0.50 फीसदी तक बढ़ाई गई। चालू वित्त वर्ष की पहली एमपीसी बैठक में रेपो दर 4 फीसदी पर स्थिर था।

# 'बैंकों पर अडाणी जैसे मामलों का असर नहीं पड़ेगा'

**मुंबई:** देश के बैंकों की स्थित मजबूत है और उनपर अडाणी जैसे मामलों का असर नहीं पड़ेगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को यह बात कही। द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश के बैंक इतने बड़े और मजबूत हैं कि उनपर ऐसे मामलों का असर नहीं पड़ेगा। अडाणी समूह से जुड़े एक सवाल पर दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने स्वयं से अपना आकलन कर पिछले हफ्ते एक बयान जारी किया था, जिसमें कहा गया है कि देश के बैंक मजबूत हैं। अडाणी समूह का जिक्र किए बिना आरबीआई गवर्नर ने कहा कि आज के समय में भारतीय बैंकों का आकार, उनकी क्षमता काफी मजबूत है। उनकी क्षमता ऐसी है कि वे इस प्रकार के मामलों से प्रभावित होने वाले नहीं हैं। दरअसल आरबीआई गवर्नर से यह पूछा गया था कि क्या मौजूदा स्थिति में आरबीआई घरेलू बैंकों को अडाणी समूह की कंपनियों को दिए गए कर्ज को लेकर कोई दिशा-निर्देश जारी करेगा।

# अडानी विवाद: 'जेपीसी का हो गठन'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग की है। खड़गे ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि सरकार इस मसले की जांच के लिए जेपीसी का गठन करेगी। क्योंकि यह सरकार किसी से डरती नहीं है। हालांकि सदन में खड़गे की इस मांग पर सत्ता पक्ष की ओर से जवाब देते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि किसी मुद्दे पर जेपीसी तब बैठती है जब आरोप सिद्ध हो जाए।



किसी निजी व्यक्ति के मुद्दे पर जेपीसी नहीं बैठाई जाती है। खड़गे ने सदन में प्रधानमंत्री के लगातार चुनावी दौरे को लेकर भी सवाल उठाया। उन्होंने पीएम मोदी के हालिया कुलबर्गा दौरे पर चुटकी लेते हुए कहा कि पीएम मोदी अब उनके पीछे पड़ गए हैं। खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी ने उनके संसदीय क्षेत्र में कल दो-दो मीटिंग की हैं। खड़गे के इस बयान पर पूरा सदन हंस पड़ा। खड़गे ने अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के बजाय मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश में इस वक्त 30 लाख पद खाली हैं। सरकार इनमें भर्तियां क्यों नहीं कर रही है? सरकार को पब्लिक सेक्टर को मजबूत करना चाहिए। लेकिन वह चंद उद्योगपतियों को बढ़ा रही है। खड़गे ने कहा कि आज हर जगह नफरत फैल रही है। जिसे जनता के प्रतिनिधि ही बढ़ावा दे रहे हैं। पीएम मोदी को इन्हें रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी उपक्रमों का निजीकरण कर सरकार लोगों की नौकरियां छीन रही है। युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है।

## कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित किये जा रहे युवा, 4.62 लाख को मिला रोजगार

# उप्र में हर हाथ को हुनर का सपना हो रहा साकार, 16.50 लाख युवा हुए प्रशिशित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग-धंधे स्थापित करने के प्रयास में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ युवाओं के हुनर को निखार कर स्किल्ड मैनपॉवर के रूप में भी तैयार किया जा रहा है। बीते करीब 6 साल में उत्तर प्रदेश में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत अब तक 16.50 लाख युवाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा चुका है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 2.61 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाली योगी सरकार ने पिछले छह साल में 4.62 लाख से ज्यादा युवाओं को बाकायदा हुनरमंद बनाते हुए रोजगार उपलब्ध कराया है। यही नहीं इंडस्ट्री के हिसाब से ट्रेन्ड मैनपॉवर तैयार करने के लिए युवाओं को विभिन्न कंपनियों में प्रशिक्षण दिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश में अब तक 38 हजार से अधिक युवाओं को उद्योगों और प्रतिष्ठानों से जोड़कर प्रशिक्षित किया जा चुका है।




उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट मंशा है कि युवाओं को न सिर्फ भारत की इंडस्ट्रीज के हिसाब से तैयार किया जाए, बल्कि गल्फ, यूरोप और अमेरिका आदि कंपनियों के ट्रेड के मुताबिक भी उन्हें ट्रेन्ड किया जाए। साथ ही साथ युवा मैनपॉवर विदेशी भाषाओं को भी सीख सकें, इसके लिए कौशल विकास विभाग की ओर से कार्य किये जा रहे हैं।

# केजरीवाल सरकार पर भाजपा की जासूसी का आरोप

**नई दिल्ली:** सीबीआई की जांच में केजरीवाल सरकार पर भाजपा के नेताओं की जासूसी के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में आम आदमी सरकार ने नेताओं और अफसरों की जासूसी कराई थी। इसके लिए एक फीडबैक यूनिट बनाई गई थी। सीबीआई ने जांच में आरोपों को सही पाया है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से आगे जांच करने की इजाजत मांगी है और एलजी ने यह मामला अब राष्ट्रपति के पास जांच के लिए भेज दिया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली की फीडबैक यूनिट जासूसी कर रही है। आप छिपकर बातें सुन रही है। आप के नेता दिल्ली के लिए काम नहीं कर रहे, बल्कि दिल्ली के टैक्सपेयर्स के पैसे से अवैध तरीके से जासूसी करते हैं।



**सीबीआई की शुरूआती जांच के दायरे में फीडबैक यूनिट, 4 पॉइंट में पूरा मामला:** केजरीवाल सरकार ने 2015 में बनाई फीडबैक यूनिट 2015 विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल ।

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन 2023 मैं 99% पाने पर लोगों में खुशी का माहौल



**जारी।** इंजीनियरिंग दाखिले की राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2023 के जनवरी सत्र में जारी बाजार का सत्यम केसरवानी 99.137 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार सहित जारी बाजार का नाम रोशन किया है ! सत्यम केसरवानी के पिता विनोद केसरवानी जारी बाजार में करछना रोड पर एक छोटी सी जनरल स्टोर की दुकान चलाकर बेटे सत्यम को पढ़ा लिखा रहे हैं। साधारण परिवार से होने के बावजूद भी सत्यम पढ़ने लिखने में काफी होनहार है और पहली बार में ही इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 99 .137 प्रतिशत अंक लाया है जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है वही बाजार में भी इस बात की चर्चा और खुशी का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी के कौंधियारा मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला समन्वयक वीरेंद्र जायसवाल ने सत्यम को बधाई और शुभकामनाएं दिया है वहीं क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने सत्यम के घर पहुंच कर बधाइयां दी।

### गंगा और टोंस नदी से अवैध बालू खनन पर जागृति मिशन ने डीएम से की शिकायत

**करछना।** तहसील क्षेत्र के गंगा और टोंस नदी के घाटों से रात के अधेरें में चोरी छिपे चल रहे बालू के अवैध खनन को लेकर बीते दिनों जागृति मिशन द्वारा आवाज उठाई गई।यह बात विभागीय अधिकारियों तक पहुंचने पर कार्रवाई भी हुई और कुछ दिनों तक अवैध खनन पर रोक भी लगी थी। इसके अलावा कुछ अज्ञात खनन माफियाओं के खिलाफ रिर्पोट भी दर्ज हुई थी।लेकिन कुछ दिनों के बाद फिर यह धंधा फिर शुरू हो गया है।गंगा के कबरा,डीहा और रवनिका घाटों पर शुरू हुए इस धंधे से ओवर लोडिंग अनवरत जारी है जिससे क्षेत्र की कई सड़कें भी टूट रहीं हैं।मिशन के लोगों ने कहा कि इस कार्य में निश्चित ही कुछ विभागीय अधिकारियों और खनन माफियाओं का गठजोड़ सक्रिय है और पुलिस की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। मिशन ने जिलाधिकारी को लिखित पत्र के द्वारा इस गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए जांच पड़ताल कर अवैध खनन पर लगाम लगाने और संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# कौंधियारा से अपहरण और फिर हत्या कर घूरपुर में फेंकी गई थी महाराष्ट्र के युवक की लाश

### शनिवार की रात इरादतगंज रेलवे ट्रैक किनारे बोरे में सड़ी गली मिली थी लाश




घूरपुर थाने पहुचे मृतक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के इरादतगंज रेलवे लाइन किनारे शनिवार की रात मिले महाराष्ट्र के युवक अब्दुल अहद (25) शव व उसके कपड़े की पहचान पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उसके परिजनों ने मंगलवार की शाम कर ली। मृतक अब्दुल अहद के अपहरण किये जाने का मामला उसके परिजनों ने कौंधियारा थाने में दर्ज कराया था। कौशाम्बी जनपद के सरायअकिल थाना क्षेत्र के बिन्नौर गांव निवासी जमील अहमद चार दशक पूर्व महाराष्ट्र के ठाणे ,भिवंडी में परिवार सहित रहने लगे थे जमील के तीन बेटे व तीन बेटियां हैं । परिजनों के मुताबिक जमील का बेटा अब्दुल अहद ने कौंधियारा के जारी निवासी अपनी बुआ के दो बेटों तौफीक व सुग्गन के साथ साझे में एक ट्रक खरीदा था । जिसे बीच बीच मे वह महाराष्ट्र से आकर चलाता था । विगत 25 जनवरी को वह अपनी बुआ के पड़ोस में रह रही बहन के यहां आया था । और दूसरे दिन अपनी बुआ के लड़कों से अपना पैसा मांगने गया था । और उसी दिन से वह लापता हो गया । जिसकी सूचना अब्दुल अहद की बहन ने अपने पिता को दी और दोनो 28 जनवरी को कौंधियारा थाने जाकर अपहरण की शिकायत की ,लेकिन पुलिस ने दो दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की ।दो दिन बाद पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया। इधर विगत शनिवार की रात रेलवे किनारे घूरपुर में मिली लाश की पहचान अब्दुल अहद के रूप में हुई तो परिजनों में हड़कम्प मच गया। मामले में कौंधियारा थाना प्रभारी ने बताया कि अपहरण की धारा में केस दर्ज किया गया था । अब हत्या की भी धारा जोड़ दी जाएगी।

### तालाब के पास से अपहरण का वांछित गिरफ्तार




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने अपहरण के एक वांछित को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के सुरबल साहनी तालाब के समीप से मुखबिर की सूचना पर की गई है। मामले में विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अभियुक्त का चालान भेज दिया है। यह जानकारी देते हुए शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अपराध संख्या 29-2023, धारा 363, 323, 328, 506, 34 के मामले में अभियुक्त कौशल प्रसाद पुत्र स्व. धोधर (निवासी छतरगढ़, शंकरगढ़) काफी समय से फरारी काट रहा था। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने अपनी टीम के सदस्य कांस्टेबल राम अवध यादव के साथ धर दबोचा। अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है।

## शिवम अक्षयवट हास्पिटल के द्वारा अरैल क्षेत्र में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी और शिवम्-अक्षयवट हास्पिटल के द्वारा माघ मेला अरैल क्षेत्र सेक्टर 1ए में एक माह का निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण और निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई शिविर के समाप्ति पर सोसायटी द्वारा वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सच्चा संस्कृत विद्यालय के छात्रों एवं साधु संन्यासियों को धार्मिक पुस्तकें भी भेंट की गई सोसायटी की सचिव डॉ नम्रता राय ने गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरण करते हुए कहा कि सोसायटी स्वास्थ्य सेवा के लिये सदैव तत्पर रहती है और हर वर्ष माघ मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती रहेगी शिविर में हास्पिटल की तरफ से डॉ सी. बी उपाध्याय ने सहयोग किया और रिटायर्ड फार्मासिस्ट टी. एन. सिंह एवं अजय उपाध्याय ने दवा वितरण किया, डॉ आनन्द पाण्डेय ने फिजियोथेरेपी की जानकारी दी, शिविर की व्यवस्था धर्मेंद्र पाण्डेय ने की।





### स्वच्छत भारत मिशन के तहत रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

**मऊआइमा।** मऊआइमा स्वच्छ भारत मिशन के तहत दस्तक अभियान के अंतर्गत जुलूस निकाला गया तथा लोगों को गंदगी न फैलाने की अपील की गई। बुधवार को मऊआइमा नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन दस्तक अभियान के तहत जुलूस निकाला गया तथा डोर टू डोर जा कर गीला, सूखा कूडा कूडे दान में अलग अलग डालने की अपील किए। तथा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहित समिति के सदस्यों ने घर घर जा कर लोगों को सफाई के बाबत समझाए और दुकानदारों को भी कूडा इधर उधर न फेंकने की बात समझाई। तथा यह भी बताए कि गली गली, सडकों पर सुबह कूडों की गाडियां घूमती है उसमें कूडा डालें।या हर स्थान पर रखा कूडादान में कूडा डालें।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक हीरा लाल, जिला कोआडिनेटर नेहा कपूर ,कम्यूटर ऑपरेटर अशीष कपूर ,वलीद अंसारी,इकरा ,शिव कुमार, आजम खान, रखसान,इनायत उल्ला ,सफाई नायक कुल्लू , जेबी आदि तमाम सफाई कर्मचारियों ने मौजूद थे।

# यमुना नदी मे डूबने से युवक की मौत

### नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेते समय हुआ हादसा




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** अरैल घाट पर बुधवार की दोपहर अपने भतीजे के साथ स्नान करने गया युवक नाव पर खड़े होकर सेल्फी ले रहा था। उसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नैनी थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी मार्तंड प्रताप सिंह 20 वर्ष पुत्र रूद्र प्रताप सिंह मिजार्पुर जिले के लालगंज के मूल निवासी है। बुधवार दोपहर 1:00 बजे अरैल घाट पर अपने भतीजे राघवेंद्र प्रताप सिंह के साथ स्नान करने गए थे। उसी दौरान दोनों घाट पर खड़ी नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेने लगे। अचानक मार्तंड का पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में गिर गया। देखते ही देखते वह पानी में डूब गया। लोग उसको बचाने के लिए जब तक एकत्र होते वह पूरी तरह से आंखों से ओझल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को पानी में उतारा काफी देर बाद उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक के स्वजन को घटना की जानकारी दी। रोते बिलखते परिजन एसआरएन पहुंचे।

### खाना बनाने के दौरान झुलसी महिला मौत



नैनी। चकदाउद नगर मोहल्ले में बुधवार दोपहर खाना बनाने के दौरान एक महिला झुलस गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के सब्जी मंडी के निकट चकदाउद नगर निवासी रंजना देवी पत्नी स्व. गुलाब चंद बुधवार को अपने घर के अंदर खाना बना रही थी। उसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों मे आग साड़ी मे पकड़ लिया। आग से वह बुरी तरह झुलस गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। आस पास के लोगो ने घर के अंदर से चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम के लिये एसआरएन अस्पताल भेज दिया। नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह के अनुसार महिला खाना बना रही थी उसी दौरान साड़ी मे आग पकड़े जाने से उसकी मौत हो गयी।

## शिक्षिकाओं के बीच हुई मार पीट के बाद सहायक शिक्षिका चली गई अवकाश पर

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को दो शिक्षिकाओं के बीच मार पीट के बाद सहायक शिक्षिका अवकाश पर चली गई है। बता दें कि मंगलवार को सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक दशक से तैनात प्रधानाध्यापिका कामनी गौड और सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव के बीच किन्हीं बातों को लेकर लात घूंसों चले थे। बाद में कामनी गौड के छात्रों को उक्सा कर मोबाइल छिनने और पीटवाया था।प्रियंका श्रीवास्तव ने तैस में आकर बच्चों पर ताला फेंक दिया था।जिसपर दो छात्र घायल हो गए थे। बाद में खंड शिक्षा अधिकारी ने मामला शांत करा कर अपने साथ दोनों शिक्षिकाओं को लेकर चली गई थी। । बुधवार को सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव अवकाश पर चली गई। जब कि प्रधाना अध्यापिका कामनी गौड थोडी देर विधालय में रहीं। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि कामनी गौड आधा दर्जन गांव की महिलाओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी के पास अपनी सफाई दिलवाने चली गई। हालांकि इस विद्यालय में आधा दर्जन शिक्षकों की तैनाती है। घायल बच्चों के अभिभावकों ने कोई भी कार्यवाही करने से इंकार कर दिए। जबकि अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वह अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजते हैं।।यहां की टीचर तो बच्चों को मार पीट का शिक्षा दे रही है। ग्रामीणों ने नाम छापने के शर्त पर बताया कि आप लोग देख लेना दस वर्षो से एक ही स्कूल में कुंडली मारे इन महिला शिक्षकों का कुछ भी नहीं होगा। ठीक इसी प्रकार अनेकों विद्यालय के शिक्षकों ने भी कही। खंड शिक्षाधिकारी ममता सरकार ने बताया कि वह दोनों महिला शिक्षकों को स्पष्टीकरण के लिए पत्र भेजी हैं।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता की मंगलकामना के साथ छात्रों की हुई विदाई

**करछना।** पडोखरा गांव के आजाद नगर स्थित चंद्रशेखर तिवारी विद्यालय में यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों का विदाई समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बुधवार को आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ । वहीं छात्र व छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना व स्वागत गान की प्रस्तुतियां भी हुई । इसके अलावा विदाई गीत सहित नृत्य की भी प्रस्तुतियां हुई । जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की । वही विदाई गीत पर लोग भावुक हो उठे। नौवी कक्षा व 11वीं कक्षा के छात्र व छात्राओं की ओर से दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर विदाई की गई। विद्यालय की ओर से सभी का मुंह भी मीठा कराया गया। प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को अच्छे अंकों में उत्तीर्ण होने की शुभकामना दी। इस मौके पर एम के मिश्र आशुतोष त्रिपाठी स्वामी नाथ त्रिपाठी रविशंकर द्विवेदी सुधाकर मिश्र संजीव पांडेय हरि प्रकाश तिवारी संजय कुमार तिवारी अनूप पांडेय स्वाति संज्ञा नीशू पुष्पा कर आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## ब्राह्मणों के क्रोध की रक्षा करने वाले विश्व में कोई नहीं : साध्वी स्पंदनी



अखण्ड भारत संदेश

**लेडियारी।** तप के बल से ब्राह्मण सदा बलवान रहते हैं इनके क्रोध की रक्षा करने वाला कोई नहीं है। ब्राह्मण से जोर जबर्दस्ती नहीं चल सकती ब्राह्मणों को यदि बस में कर लिया जाए तो ब्रह्म विष्णु और महेश तीनों देवता आप के अधीन हो सकते हैं। उक्त बातें हनुमान मंदिर बहरैचा में आयोजित राम कथा के चौथे दिन महा ब्रह्मचारिणी साध्वी स्पंदनी हनुमंती देवी कथा व्यास के रूप में कहीं। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रकृति के विपरीत कार्य करने वालों हानि होती है अंततः उनका विनाश भी हो सकता है। उदाहरण स्वरूप उन्होंने राजा प्रताप भानु की कथा का सविस्तार वर्णन करते हुए कहा कि प्रारंभ में राजा ने प्रजा और धर्म की रक्षा के लिए बहुत अच्छा कार्य किया था लेकिन बीच में जब प्रकृति से उन्होंने खिलवाड़ करने लगे तो उन्हें ब्राह्मणों का ही श्राप लगा जिससे वह राक्षस हो गए थे।साध्वी जी ने भगवान राम के जन्म का भी सविस्तार वर्णन करते हुए बधाइयां गीत गायी जिससे कथा श्रवण कर रहे श्रोताओं मन प्रसन्न हो गय। कथा में प्रमुख रुप से सहभागिता निभा रहे शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा धनेश्वर प्रसाद द्विवेदी, मोहनलाल जयसवाल विष्णु प्रताप सिंह( मठ समिति लेड़ियारी) दुर्गा प्रसाद सिंह राम बहादुर श्रीवास्तव कृष्णा कांत मिश्र रोहित लाल मिश्र अनुज प्रताप सिंह पुष्पराज सिंह बघेल तुलसी भुर्तिया मुरलीधर तिवारी दुनिया धीश केसरवानी सुरेश नेता राजेंद्र कुशवाहा द्वारा सभी श्रवण कर रहे भक्तों को प्रसाद वितरण कर आभार व्यक्त किया गया।

## न्यूज झरोखा

### राम कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा



**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में समाजसेवी चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चलने वाली संगीतमय नव दिवसीय रामकथा से पूर्व बुधवार को कथा स्थल से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कथा व्यास रामायण कुटी चित्रकूट धाम से पधारे श्री श्री 108 श्री राम हृदय दास जिज्ञासु महाराज के अगुवाई में कलश यात्रा को भक्त नर नारियों के साथ कलश शोभा यात्रा को पूरे गांव, गली, कस्बे में घुमाते हुए वापस कथा स्थल पर विश्राम दिया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिला भक्तों ने आधुनिक वाद्य यंत्रों द्वारा मंगल गीत गाती हुई कलश यात्रा के साथ चल रहीं थीं । कलश शोभायात्रा में भक्त नर नारियों एवं बच्चे बूढ़े लोगों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ रास्ते भर जय श्रीराम के उद्घोष करते रहे। कलश यात्रा के उपरांत मुख्य यजमान अवधराजी देवी एवं आयोजक चन्द्रभान सिंह सहित परिजनों ने व्यासपीठ एवं मानस भगवान की पूजन आरती किया। तत्पश्चात भक्तों में मिष्ठान का वितरण कराया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भानु प्रकाश सिंह, विपिन सिंह, विनय सिंह, विकास सिंह, वैभव सिंह, प्रान्शू सिंह, हिमांशू सिंह, गौरव सिंह, ग्रजेश सिंह सहित आदि श्रद्धालु भक्त नर नारी उपस्थित रहे।

### नवीन सब्जी मंडी में लाखों की बनी पानी की टंकी शोपीस




**सिरसा।** नवीन सब्जी मंडी स्थल में लाखों की कीमत से बनी पानी की टंकी शोपीस बनकर खड़ी है। लेकिन आज तक व्यापारियों के गले को तर नहीं कर सकी। जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी मशीन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं, जो कहीं ना कहीं मंडी समिति से जुड़े अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। सरकारी धन का किस तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है। वह तस्वीरों में साफ-साफ देखा जा सकता है। जिस कमरे में सप्लाई के लिए मोटर लगाई गई है वह एकदम जीर्ण शीर्ण हो चुका है। पानी की टंकी केवल कंपनियों के प्रचार का स्लोगन लगाकर अपनी बदहाली वाली बयां कर रही है। कंपनियों का कम से कम टंकियों की पुताई कर उस की चमक को बरकरार कर रखी है लेकिन खोखली टंकी में पानी मुनासिब नहीं हो सका, जो केवल प्रचार प्रसार के लिए मात्र बनकर रह गई है। मंडी में पानी ना होने से व्यापारियो और ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को बाजार वासियों ने पकड़ा



**सिरसा।** मेजारोड चौराहे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का दो बाइक सवार युवक मोबाइल छीन कर भागने लगे और बाजार वासियों ने पकड़ कर धुनाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि मेजा के शुक्लपुर गांव निवासी संदीप कुमार मेजारोड चौराहे पर खड़ा था और दो बाइक सवार युवक उसकी मोबाइल छीन कर भागने लगे तो वह शोर मचाया और बाजार वासियों ने दोनों को पकड़कर धुनाई कर दी। वहीं सुचना पर चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, दरोगा इश्तियाक अहमद पंहुचे और दोनों को पुलिस चौकी ले गए। मोबाइल छीनने वाले युवक ने अपना नाम छोटू भारतीया पुत्र सालिक राम निवासी बिगहनी बताया। फिलहाल पुलिस पुछताछ कर रही है।

## भाजपा जसरा मंडल की समीक्षा बैठक संपन्न

### आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण-शिवराम सिंह




अखंड भारत संदेश

**जसरा।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी जसरा मंडल के द्वारा आयोजित मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार ने कहा कि कार्यकर्ता की समस्याओं का निदान करें जनप्रतिनिधि हर एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है पार्टी में कोई भी छोटा बड़ा नही है। वही दूसरी ओर पार्टी के ही जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने आगामी लोकसभा चुनाव पर प्रकाश डाला। जिला संयोजक सहकारिता चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने अपनी कविताओं से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आईटी विभाग के जिला संयोजक सतीष विश्वकर्मा ने कार्यकताओं को डिजिटलीकरण के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने व संचालन महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राजाबाबू पाठक, वीरेंद्र पाठक, सुबोध जायसवाल, निधीश पाठक, अशोक तिवारी, प्रीतम केसरवानी, देवराज पटेल, राजमणि पटेल, बजरंग बहादुर, कल्पना मिश्रा, रवि साहू, अवध बिहारी मिश्रा, नरेन्द्र मिश्रा, गोपाल केसरवानी, अर्जुन विश्वकर्मा, अश्वनी द्दवेदी, कमला द्दवेदी, अरूण मालवीय, मेलाराम, सुरेश कुशवाहा, सत्तन निषाद, अमरजीत तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### एक गांव में मार पीट दूसरे गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में मार पीट हुई जबकि दूसरे गांव में सरकारी जमीन कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर के लेखपाल नीरज कुमार ने चारागाह की जमीन पर कब्जा करने पर ग्राम बडौरा के शंकर लाल पुत्र राम दुलार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम धानी का पूरा कल्याणपुर निवासी अमर बहादुर पुत्र राम सजीवन का आरोप है कि आबादी की जमीन पर उसने पेड लगा रखा था। जिसे पडोसी उखाड़ दिए। बोलने पर मारे पीटे। अमर बहादुर ने अरविन्द कुमार ,गुलाबा देवी ,शुक्लाईन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...



**जंघई।** भागवत कथा के चौथे दिन भण्डा गांव में बुधवार को कथा वाचक संतोष जी महाराज ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की संगीतमय कथा सुनाया। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि 24 लाख की योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है। जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ जब कंस ने सारी मयार्दाएं तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है।इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया उपस्थित सैकड़ों लोगों ने संगीतमय भागवत कथा सुनकर भावविभोर हो गये। कथा यजमान राजेंद्र प्रसाद सिंह लालती सिंह, पंकज सिंह सोनी सिंह एवं मैना सिंह द्वारा व्यास पीठ की आरती किया एवं प्रसाद वितरण करवाया।परमेंद्र बहादुर सिंह, हरिशंकर दुबे, कपिल देव शुक्ल, अजय पांडेय, मुन्ना सिंह, बच्चन मिश्रा प्रधान, सिंपी सिंह, गौरव राजपूत, सचिन सिंह, कृष्णराज शुक्ला, पवन शुक्ला, अखिलेश सिंह, हरिश्चंद्र शुक्ला, बाबा शुक्ला, दिनेश सिंह, प्रतीक सिंह मोनू, संदीप, पुनीत, आशीष एडवोकेट, नीलेश, अमित, रवि, अनुपम, अनुराग, अंश, किशन, लक्ष्य, शौर्य प्रताप, आदित्य सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## लाठी डण्डा से मारपीटकर किया घायल, मची अफरा तफरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के परियावां मजरे गडरियन का पुरवा में बुधवार की सुबह उस समय हड़कम्प मच गया। जब शौच के लिए गया युवक वापस घर आया तो गांव के ही पट्टीदारों ने लाढ़ी डण्डा से मारपीटकर घायल कर दिया। पीड़िता गोमती शंकर पत्नी रामखेलावन सोनकर ने पुलिस को दिए गये तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के पड़ोसियों ने मेरे पति राम खेलावन सोनकर को शौच करके वापस घर आने पर एकजुट होकर लाढ़ी डण्डा से मारा पीटा। मारपीट के दौरान बचाने दौड़ी सीमा व सपना को भी मारा पीटा शोर मचाने पर आस पास के लोग दौड़े तो भद्दी भद्दी गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए सभी भाग गए। उधर मारपीट के आरोपी ने भी पुलिस को घटना की तहरीर दिया पुलिस ने दोनो पक्षो की तरफ से तहरीर मिलने पर मारपीट का मुकदमा दर्ज करते हुए उपचार को भेजा।

# राहुल में राजनीतिक परिपक्वता नहीं: आबकारी राज्य मंत्री


पत्रकारवार्ता में बोलते आबकारी राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल।

### प्रभारी मंत्री ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राहुल गांधी को राजनीति की कोई जानकारी नहीं है, जिस कांग्रेस व उसके नेताओं ने कश्मीर का आधा भाग पाकिस्तान को दे दिया, वह भारत जोड़ो की बात कर रहे हैं। यह बात प्रदेश के आबकारी राज्य मंत्री और प्रतापगढ़ के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने प्रतापगढ़ में प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि रामचरित मानस पर समाजवादी पार्टी नेता का बयान इसलिए है, ताकि निवेश व विकास से जनता का ध्यान हटे। सच तो यह है कि सपा ने हमेशा जातिवादी और तुष्टीकरण की राजनीति की है।मंत्री नितिन ने डाक बंगला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार का बजट जनहित का है। अमृत बजट बताया। इस दौरान मंत्री ने यह भी कहा कि योगी सरकार में आबकारी विभाग सरकार के खजाने में अधिक राजस्व दे रहा है। अवैध व नकली शराब की रोकथाम के लिए सख्ती की जा रही है। विभाग शराब माफिया पर कार्रवाई करता है। आगे भी करेगा। प्रेसवार्ता में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, वरिष्ठ नेता गिरधारी सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक सुनील गोयल, शिव प्रकाश सेनानी, मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला समेत पार्टी के नेता व मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर सीमा पर हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश


प्रभारी मंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को जनपद में प्रथम आगमन पर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। रायबरेली सीमा पर स्थित रानीगंज कैथौला बाजार में बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार की अगुवाई में पहले से स्वागत में खड़े सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मलाओ से लाद दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र,पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, राजेश कुमार, बेनी प्रसाद वर्मा, बाबूलाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। लीलापुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा अंशुमान सिंह जिला अध्यक्ष भाजयुमो प्रतापगढ़ के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री श्री नितिन अग्रवाल जी का युवा मोर्चा पदाधिकारियों के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर नितीश श्रीवास्तव जिला महामंत्री, विक्रम सिंह, चंद्र प्रताप, शैलेश मिश्रा, गरुण तिवारी, सुनील, रजनीश शुक्ला, मदन पाल आदि लोग मौजूद रहे।


शिवांगी।


रुचि यादव।

## जेईई मेन परीक्षा में शिवांगी व रुचि ने लहराया परचम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के रानीगंज कैथौला निवासी कृपा शंकर केशव की बेटी शिवांगी ने 6 फरवरी को आए जेईई मेन के परिणाम मे 96.59 प्रतिशत अंक हासिल करके क्षेत्र के गौरव को बढ़ा दिया। शिवांगी राजस्थान के कोटा में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही है।

शिवांगी की इस सफलता पर क्षेत्र के प्रमोद सिंह,राजू के सरवानी, सतीश गौड़, शशीन्द्र नाथ शुक्ल, अनुभव गौड़ समेत कई लोगो ने घर जाकर बधाई दी। उधर कालाकांकर विकास क्षेत्र ग्राम पंचायत ऐंठू पूरेलाल साहब की रहने वाली रूचि यादव पुत्री कृष्ण प्रताप यादव ने जेई मेंस की परीक्षा में सफलता अर्जित की। इसकी सफलता से पारिवारीजनो में खुशी की लहर है। इनके पिता कृष्ण प्रताप यादव गांव में ही रहकर खेती किसानी करते हैं। रुचि यादव अपनी हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा जीजीआईसी आलापुर से की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद मुख्यालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होने वादकारियों से कहा है कि अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

## सांसद खेल स्पर्धा को प्रभावी बनाने हेतु व्यायाम शिक्षकों को दिया गया किट

### 11 हजार से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना


व्यायाम शिक्षकों को किट देते अध्यक्ष दिनेश गुप्ता।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी 10 फरवरी से प्रधानमंत्री खेलो इण्डिया के अंतर्गत चार दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन जिले के 13 विकास खण्डों के चयनित खेल मैदानों में हो रहा है। यह जानकारी देते हुए संगम यूथ फाउण्डेशन अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने सभी ब्लाकों के प्रभारियों से अनुरोध किया कि वे खेल मैदान पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं 09 फरवरी के सांय तक प्रत्येक दशा में सुनिश्चित हो जाय जिससे सांसद खेल स्पर्धा का शुभारम्भ 10 फरवरी को समय से प्रारम्भ हो सकें।

श्री गुप्ता आज यहां संसदीय कार्यालय कटरा मेदनीगंज में सांसद खेल स्पर्धा से सम्बन्धित सभी प्रभारियों, व्यायाम शिक्षकों एवं सम्बन्धित को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में जिलास्तरीय टीम के सदस्य उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशन लाल, सहायक सूचना निदेशक आर0बी0 सिंह (अ0प्र0), सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह तथा युवा कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीपीआरओ, क्रीड़ा अधिकारी आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

श्री गुप्ता ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा में 11 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है। उन्होंने आज यहां संसदीय कार्यालय कटरा मेदनीगंज पर सभी प्रभारियों/व्यायाम शिक्षकों को खेल सम्बन्धी आवश्यक किट का वितरण किया।

बैठक में लोकेश गुप्ता, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद शर्मा, सुशील सिंह, देवेन्द्र मिश्र गट्टे, धर्मेन्द्र मिश्र, राजेश मिश्र, पप्पू जायसवाल, झुन्ना तिवारी, सुभाष पाण्डेय, अजय वर्मा, वीरेन्द्र सिंह, सुदीप पाण्डेय, केके गुप्ता, शैलेश सिंह, पवन प्रधान, मनोज भारती, अखिलेश मिश्र, सूरज गुप्ता, शकील, कमलेश सिंह, देवेन्द्र मिश्र, नरेन्द्र सिंह, राकेश मिश्रा, रामसुख, मदन गुप्ता, राजेन्द्र पाण्डेय व सम्बन्धित ने खेल मैदान की अब तक की हुयी तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

## बहू से प्रताड़ित ससुर ने लगाई न्याय की गुहार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के उमापुर निवासी रामकिशोर यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बहू आए दिन उसे परेशान करती रहती है।बहू शिवानी व समधी नंदलाल यादव दहेज प्रथा के मुकदमे में फंसाने की भी धमकी देते रहते है। आए दिन शिवानी मुझ पर मारपीट व पैसा मांगने का झूठा आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत करती है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## बकरी बचाने के चक्कर मे गैस पाइपलाइन के गहरे गड्ढे में गिरा मासूम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा के मनगढ़ निवासी राजेंद्र सरोज बेटा प्रिंस सरोज (8)वर्षीय बुधवार लगभग 11 बजे बकरी चराने खेतों की तरफ गया, जहां गैस पाइपलाइन की कार्यदाई संस्था केपीटीएल द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में बकरी के बच्चे को बचाने के चक्कर में प्रिंस गड्ढे में चला गया कुंडा खनवारी मार्ग के बगल होने के कारण गुजर रहे राहगीरों की नजर पड़ी तो शोर मचाने लगे जिससे बगल खेतों की निराई कर रहा पिता राजेन्द्र की नजर पड़ी तो उसे बचाने गड्ढे में कूद गए गड्ढा होने से मिट्टी के दलदल में सभी फंस गये मौके पर पहुंचे लोगों ने रस्सी डालकर मासूम बेटे उसके पिता तथा बकरी के बच्चे को पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला तथा मासूम प्रिंस को सीएससी कुंडा ले गए। घटना की जानकारी होते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और केपीटीएल मुदार्बाद के नारे लगाते हुए विरोध व्यक्त किया तथा उप जिलाधिकारी कुंडा को शिकायत पत्र देकर घटना से अवगत कराया। बता दें कि उक्त गड्ढे में आए दिन कई जानवर गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों में गुस्सा इस बात का है कि यदि गड्ढे को कंपनी ने शीघ्र ही बन्द नही किया तो हम लोग जनांदोलन करने पर बाध्य होंगे।

## नेशनल हाइवे पर टकराई ट्रक व कार, चार राहगीर हुए घायल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नेशनल हाइवे पर ट्रक व कार की टक्कर मे कार सवार चार यात्री चुटहिल हो गये। वाराणसी जिले के कपसेठी थाना क्षेत्र के सेवापुरी निवासी अनिल कुमार अपनी मां नीलम पत्नी शालिनी व संदीप के साथ कार से पीजीआई लखनऊ से रात दो बजे वापस घर जा रहे थे।

लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना गांव के समीप लखनऊ वाराणसी हाइवे पर अनियंत्रित ट्रक से कार की टक्कर हो गयी। हादसे मे कार सवार चारों यात्री चुटहिल हो गये। नोएडा से ट्रक पर पाइप लादकर प्रतापगढ़ ले आ रहे संभल निवासी ट्रक चालक व खलासी बाल बाल बच गये। घटना की जानकारी पर लीलापुर एसओ सुभाष यादव पहुंचे और घायलो को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गये। यहां घायलों की हालत नियंत्रण मे देख प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।


तिना गांव के समीप हाइवे पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

## एचबीवाईसी के तहत आशा बहुओं व आंगनबाडी कार्यकत्रियों को मिला प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश


सांगीपुर सीएचसी मे प्रशिक्षण के दौरान मौजूद आशा कार्यकत्रियां।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में अधीक्षक डा. आनंद तिवारी के नेतृत्व में एसबीवाईसी के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे पोषण बीमार नौनिहालों के प्रबंधन, परिवार नियोजन व जनसंख्या वृद्धि आदि के बारे मे आशा बहुओं व आंगनबाडी कार्यकत्रियों को जानकारी दी गयी।

डा. आनन्द तिवारी ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषित रहने में सहयोग प्रदान कर स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। प्रशिक्षण मे ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक बाल मुकुन्द मिश्र ने प्रशिक्षण के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नंदलाल, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष पाण्डेय, प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## दो सगी बहनों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे सगी बहनो के लापता होने के मामले मे अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के नेकनामपुर निवासी रोहित पटेल की पत्नी नीला कुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी बेटी पूजा पटेल व पुष्पा पटेल बीती छः फरवरी को किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इसके बाद दोनों का कोई सुराग नही लग सका। मामले मे पीडिता का आरोप है कि किसी अज्ञात आरोपी ने उसकी दोनो बेटियो का अपहरण कर लिया है। शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल कमलेश कुमार पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लापता दोनों बहनों की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा।

## दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाएं लाभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर स्वीकार किये जा रहे है। आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र, जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होने बताया है कि इस योजनान्तर्गत दिव्यांग सम्पत्ति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार 15000 रुपए एवं महिला के दिव्यांग होने पर 20000 रुपए तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दिव्यांग है तो 35000 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। इच्छुक पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, सक्षम स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्न सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी असुविधा हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से किसी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

## छात्रा से गैंगरेप के दो आरोपी धराए

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** गैंगरेप के आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। लीलापुर इलाके के एक गांव की कक्षा आठ की छात्रा के साथ गांव के ही दो आरोपियो ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पीडिता की मां की शिकायत पर आरोपी पुनीत पाल व विनय पाल के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया था। लीलापुर पुलिस ने गैंगरेप के दोनों आरोपियो को तिना गांव के समीप नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियो को लीलापुर थाना ले आया गया यहां पूछताछ के बाद देर शाम जेल भेज दिया गया। लीलापुर एसओ सुभाष यादव ने बताया कि दोनों आरोपी गैंगरेप के मामले मे नामजद थे। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## कृषक भाई खाते को एनपीसीआई से कराएं लिंक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जनपद में धान खरीद केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले कृषक के धान मूल्य का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में आनलाइन पीएफएमएस सिस्टम के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें केन्द्र पर धान विक्रय उपरान्त थम्ब इम्प्रेशन लगाये जाने के 72 घण्टे के अन्दर आधार से लिंक बैंक खाते में भुगतान हो जा रहा है।

उन्होने कृषक भाईयों से अनुरोध है किया है कि धान विक्रय हेतु कृषक रजिस्ट्रेशन कराये जाने के पूर्व अपने द्वारा संचालित बैंक खाते की क्रियाशीलता सुनिश्चित कराकर, आधार से खाते को लिंक कराते हुये सम्बन्धित खाते को एनपीसीआई से मैप करा लिया जाये ताकि भुगतान में किसी प्रकार के विलम्ब की स्थिति उत्पन्न न होने पाये, यदि एनपीसीआई से आधार लिंक होने के बाद मैपिंग की कार्यवाही लम्बित रहेगी तो धान मूल्य भुगतान में विलम्ब की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे कृषक यदि जिनकी भुगतान क्रय के 72 घंटे के अन्दर नहीं हुआ है एवं आधार से खाता लम्बित कर एनपीसीआई से लिंक किया जाना लम्बित है, बैंक में जाकर लिंक कराना सुनिश्चित करा लें।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कन्धई से उ0नि0 राहुल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीट लखनऊ क्रि. अपील नं0 97/2005 से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्त रामलखन शुक्ला पुत्र स्व0 श्रीनाथ शुक्ला व महेन्द्र प्रताप शुक्ला पुत्र रामलखन शुक्ला नि0गण नि0 ग्राम सिकरी कानोपुर थान कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## आटो की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर, चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मारकर घायल करने के मामले मे चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गयाहै। लालगंज कोतवाली के हरनाहर निवासी रामसजीवन के पुत्र रविशंकर ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती इक्तीस जनवरी को आटो चालक ने गलत दिशा मे वाहन चलाते समय उसके पिता का टक्कर मार दी। जिसके बाद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पीडित की शिकायत पर आटो चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रजिस्टर्ड कृषि यन्त्र विक्रेताओं से ही क्रय करें यन्त्र

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम ने कृषक भाइयों को सूचित किया है कि कृषि विभाग से कृषि यन्त्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए लेजर कटिंग एवं उभरे हुये सीरियल नम्बर चेचिस पर खुदे होने पर ही यन्त्र क्रय करें कृषक भाई पोर्टल पर रजिस्टर्ड कृषि यन्त्र विक्रेताओं से ही यन्त्र क्रय करें।

### रोजगार मेले का आयोजन 09 फरवरी को

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक्सेस आईटीआई, म्योहर के परिसर में दिनांक-09 फरवरी 2023 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ-साथ कैप्सटन सिक्योरिटी के माध्यम से सेसिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जायेंगा, इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10.30 बजे पहुँचना सुनिश्चित करें।

# मोबाइल पर प्रेमी से बात करने पर माता पिता ने ही की थी अपनी गर्भवती बेटी की हत्या

**कौशाम्बी में ऑनर किलिंग : गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद शव को एसिड डालकर माता-पिता ने लगाया था ठिकाने**

अखंड भारत संदेश



बालिका की हत्या के खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा अंतर्गत टेनशाह आलमा बाद गांव में नहर किनारे बालिका का सड़ा गला हुआ शव मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है प्रेमी से बात करने और अनैतिक संबंध के बाद गर्भवती हो जाने के चलते सामाजिक बुराई लोक लाज से बचने के उद्देश्य से बालिका के माता पिता ने ही अपनी बेटी की गला घोंट कर हत्या कर दी थी,पुलिस ने युवती के हत्या के आरोपी उसके माता,पिता और दो चाचा को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर बालिका की हत्या के घटना का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मंगलवार को मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेन शाह आलमाबाद गांव में एक बालिका का सड़ा गला हुआ शव मिला था बालिका के ही पिता ने अपनी पत्नी और भाइयों के साथ मिलकर बालिका की हत्या की थी और युवती के दो चाचा ने शव को ठिकाने लगाने में मदद की थी,एसपी ने बताया कि बालिका कई युवकों से मोबाइल पर बात करती थी और वह अनैतिक संबंध बनाने के बाद गर्भवती हो गई थी,जिससे लोक लाज का भय बना और बालिका के पिता ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पहले उसकी हत्या की और फिर पुलिस के पास गुमशुदगी दर्ज कराई,उसके बाद बालिका के शव को एसिड डालकर ठिकाने लगा दिया। बालिका की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बालिका की हत्या के आरोप में मृतका निशा के पिता नरेश,माता शोभा देवी,चाचा गुलाब और रमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हे जेल भेजा गया है।

# चारों धाम के साथ हिंगलाज देवी के दर्शन को साइकिल से निकले भक्त

अखंड भारत संदेश

### कल्याणपुर में नथन सिंह पटेल के घर पर किया विश्राम



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** चारों धाम की यात्रा के साथ हिंगलाज देवी के दर्शन पूजन अर्चन के लिए साइकिल यात्रा पर निकले भक्त देर रात्रि में कल्याणपुर में नथन सिंह पटेल के घर पहुंचे और रात्रि नथन सिंह पटेल के घर पर उन्होंने व्यतीत किया है बांग्ला देश के घोंचा डांगा बॉर्डर से पश्चिम बंगाल के जिला हावड़ा के रामचंद्र ठाकुरजी ने कोरोना काल महामारी प्रभु से प्रार्थना की थी कि हे प्रभु देश को सुरक्षित कर दो मैं सायकिल से चारों धाम की यात्रा करते हुए पाकिस्तान में हिंगलाज देवी का दर्शन करूंगा। यही संकल्प लेकर हावड़ा के रामचंद्र ठाकुरजी 27 जनवरी से आज 7 फरवरी तक लगभग 1000 किलोमीटर की यात्रा साइकिल से करके कौशांबी की धरती कल्यानपुर में मंगलवार की रात्रि को पहुंचे हैं रात्रि अधिक हो जाने के चलते उन्होंने रात्रि विश्राम नथन सिंह पटेल के घर पर किया जहां उनके भोजन का इंतजाम और सत्कार नथन के परिजनों ने किया अपने परिवार को छोड़ कर हावड़ा के रामचंद्र ठाकुरजी बड़ी लंबी यात्रा पर निकले है कल्यानपुर निवासियों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान इनकी यात्रा सकुशल पूर्ण करे ऐसे महान व्यक्ति को सैल्यूट करता हूं।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत तीन गंभीर घायल

**बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद चालक के ट्रक से कूद जाने से सड़क पर पलटी ट्रक**

अखंड भारत संदेश



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के परभा गांव से दावत खाकर वापस लौट रहे बाइक सवारो को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सभी सड़क पर गिरकर तड़पने लगे हैं बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित ट्रक चालक ट्रक से कूदकर फरार हो गया जिससे ट्रक सड़क पर पलट गई है सूचना पाकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है दुर्घटना की जानकारी के बारे में पिपरी थाना पुलिस से पूछने पर घटना के 20 घंटे बाद भी दुर्घटना की जानकारी से पुलिस अनभिज्ञता जाहिर करती रही घटना मंगलवार देर रात की है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के बूंदा गांव निवासी कंचन पासी पुत्र किशोरीलाल अपने मौसेरे भाई जग लाल पुत्र हुबलाल निवासी पिउली असानतपुर टेन वा दो अन्य लोगों के साथ बाइक से दावत खाने परभा गांव गए थे दावत खाने के बाद कंचन अपने मौसेरे भाई और अन्य लोगों के साथ वापस बूंदा गांव लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार जगसाला के समीप पहुंचे तेज गति अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर तड़पने लगे हैं बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद ट्रक से कूदकर चालक फरार हो गया जिससे ट्रक सड़क पर पलट गई मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है गंभीर चोट लग जाने के कारण हादसे में गम्भीर घायल कंचन पासी की मौत हो गई है जगलाल समेत अन्य लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है मामले की सूचना मृतक कंचन के भाई कौशल ने थाना पुलिस को दिया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस ने ठहराया मासूम की मां को मासूम की मौत का जिम्मेदार

**कौशाम्बी।** डेढ़ महीने की मासूम बच्ची की लाश पानी की टंकी में मिली थी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मासूम बच्ची की मां की लापरवाही से मासूम की मौत हो गई है थाना पिपरी अंतर्गत 05 व 06 फरवरी 2023 की रात मे विरेन्द्र सिंह पाल पुत्र इन्दर पाल निवासी पिपरी द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि मेरी भांजी जिसकी उम्र डेढ़ माह 50 दिन है मिल नही रही है जिसके सम्बन्ध में थाना पिपरी पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने खोजबीन शुरू की खोजबीन के दौरान वादी मुकदमा विरेन्द्र सिंह पाल उपरोक्त के दो मंजिला मकान में प्लास्टिक की पानी की टंकी में बच्ची बरामद हुई जिसे ईलाज हेतु भेजा गया तो डाक्टर द्वारा बच्ची को मृत्यु घोषित कर दिया गया पुलिस ने पंचायतनामा व पोस्ट मार्टम की कार्यवाही की। मासूम बच्ची की मौत की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि साक्ष्य संकलन व पूछताछ से यह बात प्रकाश में आयी कि गुमशुदा बच्ची की माँ श्रीमती आरती देवी परिवर्तित नाम पत्नी अवनीश पाल निवासी तन्नी थाना सरायअकिल की लापरवाही से बालिका शिशु की मृत्यु कारित हो गई थी बच्ची के गायब होने व चोरी होने के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य नही पाया गया। मुकदमा तरमीम कर अभियुक्ता आरती देवी परिवर्तित नाम पत्नी अवनीश पाल निवासी तन्नी थाना सराय अकिल को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही है।

### चेकिंग के दौरान 132 वाहनों पर की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 132 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## न्यूज झरोखा

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही दिनॉक 08 फरवरी 2023 को रात्रि 10:30 बजे कॉशीराम गेस्ट हाउस, ओसा पहुँचेंगे। राज्यमंत्री दिनांक 09 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 9:30 बजे केन्द्र एवं राज्य सरकार से स्वीकृत परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के पश्चात पूर्वान्ह 10 बजे मलिन बस्ती का भ्रमण करेंगे तथा 10:30 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। राज्यमंत्री मध्यान्ह 12 बजे कार्यालय भारतीय जनता पार्टी पर बजट सत्र 2023-24 की चर्चा के लिए अमृत काल बजट संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के पश्चात अपरान्ह 01 बजे ग्राम पंचायत टेंगाई में चौपाल एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से वार्ता करेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 03 बजे उदयन सभागार में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे तथा सायं 5:20 बजे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति बाहुल्य बस्ती में अल्पाहार करने के पश्चात सायं 06 बजे जनपद में किसी भी स्थल का औचक निरीक्षण करेंगे तथा सायं 07 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 172 शराब दुकानों का हुआ नवीनीकरण 11 दुकानां का ई-लाटरी से होगा चयन

**कौशाम्बी।** जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने अवगत कराया है कि जनपद में आबकारी दुकानां का 3 से 7 फरवरी तक वर्ष 2023-24 के लिए नवीनीकरण कराया गया है। उन्हांने बताया कि देशी मदिरा की कुल 72 दुकानों में से 71 दुकानें, विदेशी मदिरा की कुल 46 दुकानों में से 45 दुकानें, बीयर की कुल 38 दुकानों में से 37 दकानें एवं भॉग की कुल 27 दुकानों में से 19 फुटकर दुकानों का नवीनीकरण किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 183 दुकानों में से 172 दुकानों का नवीनीकरण हुआ है। नवीनीकरण से अवशेष देशी मदिरा की एकमात्र दुकान-अझुवा थाना-सैनी, विदेशी मदिरा दुकान-गुलामीपुर, बीयर दुकान-मोहब्बतपुर पाइंसा तथा भॉग की 08 फुटकर दुकान-समदा, कनैली, भरवारी, दारा नगर, काजीपुर, चायल, उसमापुर तथा समशाबाद का व्यवस्थापन प्रथम चरण की ई-लाटरी के माध्यम से 20 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन कराया जायेंगा, जिनकी ई-लाटरी 28 फरवरी को सम्पन्न होंगी।

### चौपाल के माध्यम से जन समस्या सुनेंगे कारागार मंत्री

**कल्यानपुर कौशांबी।** जिले के विकास योजनाओं की हकीकत देखने के लिए कारागार मंत्री सुरेश राही 9 फरवरी गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे उनके आगमन को लेकर अधिकारियों ने साफ-सफाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करना शुरू कर दिया है विकासखंड सिराथू क्षेत्र के टेंगाई ग्राम में चौपाल का आयोजन किया गया है जहां कारागार मंत्री शामिल होकर आमजन की समस्या सुनेंगे उनके आगमन के पूर्व पूरे न्याय पंचायत क्षेत्र के सफाई कर्मियों को सफाई करने का निर्देश दिया गया है दर्जनों सफाई कर्मी चौपाल स्थल की सफाई में लग गए हैं जिससे गांव क्षेत्र की दुर्दशा की जानकारी कारागार मंत्री को न लग सके आखिर कब तक शासन प्रशासन को जिले की हकीकत से दूर रखने का प्रयास अधिकारी करेंगे।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से तीन थाना चरवा से चार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से एक थाना कोखराज से एक, थाना कड़ाधाम से दो कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त कामता प्रसाद पुत्र पूनी लाल निवासी भैला मकदूमपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ का आयोजन 10 फरवरी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनी नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के माध्यम से वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 से 12 फरवरी 2023 को लखनऊ में तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ 10 फरवरी 2023 को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेंगा तथा राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2023 सायं 4:15 बजे तक समापन समारोह की अध्यक्षता किया जायेंगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस0सिद्दीकी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के सापेक्ष ही जनपद में भी दिनांक 10 फरवरी 2023 को जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें समस्त निवेशकगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेगें। उन्हांने बताया कि दिनांक 12 फरवरी 2023 को निवेशकों से सम्बन्धित जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की जायेंगी, जिसमें समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट सम्राट उदयन सभागार में किया जायेंगा। इस समिट में प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई औद्योगिक निवेश नीति 2022 के अन्तर्गत निवेश करने वाले नव उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेंगी। उपायुक्त उद्योग ने जनपद के सभी उद्यमियों एवं व्यापारी बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद में औद्योगिक वातावरण का सृजन ज्यादा से ज्यादा हो सकें, इसके लिये अधिक से अधिक औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करें, ताकि उ0प्र0 सरकार की मंशानुसार नव उद्यमियों को नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के माध्यम से सुविधाएं प्राप्त हो सके। इसके साथ ही आयाजित कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए अपनी उपस्थिति भी सुनिश्चित करायें। उन्होंने बताया है कि निवेश के इच्छुक उद्यमी निवेश सारथी पोर्टल पर जाकर अपना पूर्ण विवरण मैन्युफैक्चरिंग सर्विस सेक्टर में भरकर एमओयूएस प्राप्त कर सकते है।

## दिन दहाड़े वृद्ध महिला से 25 हजार की छिनैती

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय साढो मार्ग पर मनबढ़ टप्पेबाजों ने दिन दहाड़े वृद्ध महिला से 25 रुपये छीन लिया है छिनैती के बाद टप्पेबाज फरार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार समिति उर्फ सुबिहिती उम्र लगभग 58 वर्ष माता फुल्लू पासी निवासी ग्राम सभा भड़हरी थाना सैनी नगर पंचायत अझुवा के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से अपने खाता से आवास का 25 हजार रुपये निकालकर अपने नाती पवन कुमार के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव वापस भड़हरी जा रही थी अटसराय साढो मार्ग पर अज्ञात मुंह बांधे मोटरसाइकिल सवार 3 टप्पेबाजों ने वृद्ध महिला और नाती पवन से 25 हजार रुपये दिनदहाड़े छीन लिया और फरार हो गए है। सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस बैंक ऑफ बड़ौदा का सीसीटीवी फुटेज सहित जांच पड़ताल कर लुटेरों की तलाश में जुट गई है।

# रामगंगा कमाण्ड सिंचाई खण्ड फतेहपुर के गनपा नाला हेड का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



नहर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आज रामगंगा कमाण्ड के सिंचाई खण्ड फतेहपुर के अन्तर्गत पश्चिमी इलाहाबाद शाखा के किमी0 273.100 पर स्थित गनपा नाला हेड का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने जिलाधिकारी को बताया कि पश्चिमी इलाहाबाद शाखा को किमी0 273.100 पर बायीं पटरी में तीन पाइपों द्वारा गनपा नाला से जोडा गया हैं, जिससें पश्चिमी इलाहाबाद शाखा कि अतिरिक्त पानी को खारिज किया जाता है। वर्तमान में नहर संचालन का रोस्टर न होने के कारण नहर में पानी नहीं पाये जाने पर बताया गया कि मंगलवार से रोस्टर अनुसार नहर चलायी जायेंगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सिंचाई, फतेहपुर को निर्देशित किया कि पश्चिमी इलाहाबाद शाखा के जिन पाइपों से पानी गनपा नाला में खारिज किया जा रहा है, उनको कम से कम पास में लगे साइफन पाइप के ऊपरी सतह तक ऊपर करा दिया जाये, जिससे कि टेल भाग में नहर का जल स्तर और बढ़ जाये और किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकें तथा अवशेष पानी को इससे खारिज किया जा सके इस अवसर पर सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड फतेहपुर शिवम श्रीवास, अवर अभियन्ता महेन्द्र कुमार सिंह यादव, सिंचाई खण्ड फतेहपुर संजीव कुमार अवस्थी एवं जिलेदार सिंचाई खण्ड फतेहपुर उपस्थित रहें।

# नारायण स्वरूप हॉस्पिटल की तरफ से महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर के इब्राहिमपुर सुकल का पुरा चौराहे में नारायण स्वरूप हॉस्पिटल प्रयागराज की तरफ से महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के सहयोग में स्वास्थ्य जागरूकता , स्वास्थ्य कैंप ,एवं दवा वितरण कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नारायण स्वरूप हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम तथा समस्त स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं उपलब्ध थी स्वास्थ्य कैंप में ग्राम प्रधान पवारा तथा पवारा मीरापुर इब्राहिमपुर शुक्ला का पुरवा बंधवा कल्याण समस्त गांव के अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य कैंप में उपस्थित होकर स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां ली तथा अपनी समस्याएं बता कर दवाई ली इस कैंप का आयोजन महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा के आग्रह पर नारायण स्वरूप हॉस्पिटल के द्वारा आयोजित किया गया आसपास के गांव के लोग अंजना मिश्रा के इस कार्य से बहुत ही खुश हैं तथा नारायण स्वरूप हॉस्पिटल के डॉक्टर राजीव सिंह की चर्चा की उन्होंने उनके गांव में कैंप लगाकर गांव के लोगों के लिए यह सुविधाएं दी तथा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दीं कैंप में आसपास के गांव से लगभग दो ढाई सौ से ऊपर मरीजों को देखा गया तथा नारायण हॉस्पिटल के मैनेजर ने जानकारी दी कि उनके हॉस्पिटल में जिनका आयुष्मान भारत का कार्ड बना है उनको पूरी सुविधाएं दी जाती है या जिनके अन्य कार्ड बने हैं उनको भी समस्त सुविधाएं दी जाती हैं आगे भी नारायण हॉस्पिटल के द्वारा ग्रामीण इलाकों में कैंपों का आयोजन किया जाएगा क्योंकि ग्रामीण इलाकों में आज भी बहुत सी महिलाएं हैं जो कि गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं लेकिन अपने स्वास्थ्य के बारे में अभी भी लापरवाही बरतती है उन्हें जागरूक कर तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा दी जाएगी डॉक्टर राजीव सिंह डॉक्टर अंजना डॉक्टर सोनिया सिंह डॉक्टर रिचा शुक्ला डॉक्टर पंकज यादव सहित तमाम चिकित्सक स्वास्थ्य शिविर कैंप में मौजूद रहे।

### जनपद के 06 खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में किया जायेगा प्रतिभाग

**कौशाम्बी।** युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 फरवरी से 23 फरवरी 2023 के मध्य नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन, गौतमबुद्ध नगर में किया जायेंगा। यह जानकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जोन स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद कौशाम्बी के खिलाड़ी-राजकुमार पाल पुत्र भैयालाल-400 मीटर दौड एवं. शोभा देवी पुत्री मानसिंह-800 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ में विजयी रहीं है। इसी प्रकार शकुन पुत्री पुरुषोत्तम भारोत्तोलन, कुश्ती एवं शॉटपुट, उदयराज-सर्कुलर डिस्कस थ्रो, नमन कुशवाहा पुत्र दुरई कुशवाहा-जैवलिन थ्रो तथा मधु देवी पुत्री राजू-कुश्ती में जोन स्तर पर प्रथम स्थान पर रहें हैं, इन खिलाड़ियां द्वारा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जायेंगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सूचित किया है कि आयोजन से एक दिन पूर्व अर्थात 20 फरवरी 2023 को आयोजन स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा खिलाड़ी किसी भी जानकारी या सुविधा के लिए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मूरतगंज सुश्री नाजुक जहां-9161080810 या उनसे मो0-8009528862 संपर्क कर सकते हैं।

# धर्मांतरण के खेल का सरगना कौन सर्विलांस खोल सकता है राज !

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चमत्कार से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर जिले के गरीब कमजोर लोगों को सभा के आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल बीते दो दशक से बेखौफ तरीके से खेला जा रहा है कौशांबी जिले के टेवा बैगवा गुलामी पुर देवखर पुर बेला फतेहपुर धुमाई सैनी जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित विभिन्न स्थानों पर सभा का आयोजन कर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए खुलेआम प्रेरित किया जाता है लाखों रुपए का लालच देकर गरीब कमजोर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर दिया जाता है सभा संचालकों के धन के लालच में धर्म परिवर्तन के खेल की जानकारी मिलने पर बीते दिनों सैनी कोतवाली पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन सवाल उठता है कि धर्म परिवर्तन में सभा और चमत्कार के द्वारा गंभीर बीमारी के इलाज का लालच देने वाले वालों के खिलाफ तक ही धर्मांतरण की यह कार्रवाई सीमित रह जाएगी या फिर धर्म परिवर्तन कराने में लगे आका तक कौशांबी पुलिस के हाथ पहुंच पाएंगे।

**सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के शिक्षण संस्थान के साथ-साथ नैनी और सिविल लाइन से जुड़े हो सकते हैं धर्मांतरण के तार**



धर्म परिवर्तन के खेल में लगे लोगों के विरुद्ध सैनी पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने को 3 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कौशांबी पुलिस के हाथ धर्म परिवर्तन कराने वालों के आका तक नहीं पहुंच सके हैं सैनी कोतवाली में जिन लोगो के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए हैं इनके मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगा कर पूर्व में हुई बातचीत के काल की डिटेल खंगाली जाए तो धर्मांतरण के खेल के सरगना तक पुलिस के हाथ पहुंच सकते हैं। जबकि बीते दिनों फतेहपुर जिले में धर्म परिवर्तन के मामले में नैनी के एक शिक्षण संस्थान समेत तमाम सरगना की गतिविधियों की जांच कर फतेहपुर पुलिस ने सरगना की खोज शुरू कर दी कुछ तो पुलिस के गिरफ्त में आ गया कुछ फरार हो गए हैं कौशांबी जिले के विभिन्न क्षेत्र में धर्मांतरण के खेल में लगे लोगों के संबंध सांदीपन घाट थाना के एक शिक्षण संस्थान से है सूत्रों की माने तो सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के इस शिक्षण संस्थान से धर्मांतरण का खेल बेखौफ तरीके से खेला जा रहा है धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को इसी शिक्षण संस्थान के माध्यम से लाखों की रकम उपलब्ध कराई जाती है सूत्रों की माने तो सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के इस शिक्षण संस्थान की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल संचालित करने वालों वाले लोगों का आका प्रयागराज जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र और नैनी थाना क्षेत्र में अपना ठिकाना बनाए हुए हैं यदि पुलिस ने नैनी सिविल लाइन और संदीपन घाट थाना क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के लोगों की गतिविधियों की सूक्ष्म जांच की तो धर्मांतरण के खेल में लगे आका के गिरेहबान तक कौशांबी पुलिस के हाथ पहुंचने में देर नहीं लगेंगे।

संपादकीय

# दुबई में विदेश नीति का डंका

**दुबई** के इस चार दिन के प्रवास में मेरा कुछ समय तो समारोहों में बीत गया लेकिन शेष समय कुछ खास-खास लोगों से मिलने में बीता। अनेक भारतीयों, अफगानों, पाकिस्तानियों, ईरानियों, नेपालियों, रूसियों और कई अरब शेखों से खुलकर संवाद हुआ। इस संवाद से पहली बात तो मुझे यह पता चली कि दुबई के हमारे प्रवासी भारतीयों में भारत की विदेश नीति का बहुत सम्मान है। हमलोग नरेंद्र मोदी और विदेश नीति की कई बार दिल्ली में कटु आलोचनाएं भी सुनते हैं लेकिन यहां तो उसका असीम सम्मान है। संयुक्त अरब अमारात के टीवी चैनलों और अखबारों का स्वर भी इस राय से काफी मिलता-जुलता है।
पड़ोसी देशों के प्रमुख लोगों ने, इधर मैं जो दक्षिण और मध्य एशिया के 16 देशों का जन-दक्षेस नामक नया संगठन खड़ा कर रहा हूँ, उसमें भी पूर्ण सहयोग का इरादा प्रकट किया है। मुझे यह जानकर और भी अच्छा लगा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कुछ प्रमुख लोगों ने भारत द्वारा काबुल को प्रेषित 50 हजार टन अनाज और दवाइयों की पहल की बहुत तारीफ की। उनका सुझाव यह भी था कि इस संकट के वक्त यदि भारत पाकिस्तान की मदद के लिए हाथ बढ़ा दे तो पाकिस्तान की जनता मोदी की मुरीद हो जाएगी। यदि शाहबाज शरीफ और फौज मोदी की दरियादिली को नकार दें तो उनकी काफी किरकिरी हो सकती है। इसी प्रकार कई प्रमुख अफगान नेताओं ने मुझसे सुदीर्घ वार्ताओं में कहा कि वे भारत सरकार द्वारा दी गई मदद से तो अभिभूत हैं ही, लेकिन वे ऐसा मानते हैं कि अफगानिस्तान की अस्थिरता को यदि कोई मुल्क खत्म कर सकता है तो सिर्फ भारत ही कर सकता है। अमेरिका और रूस ने अफगानिस्तान में फौजें भेजकर देख लिया, करोड़ों रूबल और डॉलर उन्होंने वहां बहा दिए और बड़े बेआबरू होकर वे वहां से निकले। उनका मानना है कि अकेला भारत अगर पहल करे और अमेरिका के जो बाइडन या कमला हैरिस और ब्रिटेन के ऋषि सुनाक को अपने साथ जोड़ ले तो अफगानिस्तान में शांति और व्यवस्था कायम हो सकती है। इन तीनों राष्ट्रों की संयुक्त पहल को मानने से न तो तालिबान इनकार कर सकते हैं, न ही पूर्व अफगान राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री और न ही पाकिस्तान! यूक्रेन के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने जैसा संतुलित रवैया अपनाया है, उससे विश्व राजनीति में भारत की छवि को चमका दिया है। इसी चमक का इस्तेमाल वह अपने पड़ोस के अंधेरे को दूर करने में क्यों न करे?

# मोटे भालू जैसा मोटा इश्क

रामविलास जांगिड़

**नामी-गिरामी** कंपनी का ब्रांडेड चॉकलेट हाथ में देने के बाद टेडी डे मनाने की गाइडलाइन है। जो जितना मोटा तगड़ा ताजा भालू देगा वही इश्क के मैदान में तगड़ी बाजी मार पाएगा! टेडी बियर को हाथ में लेकर इस दिन महिला प्रेमी अपने पार्टनर की यादों में तड़पने का कार्यक्रम करेगी। गाइड लाइन में यही सब कुछ लिखा है। कंपनियों ने वेलेंटाइन वीक का एक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इस कैलेंडर के अनुसार ही प्रेम करने के लिए लव प्रमोशन गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। जो कोई बंदा अपने दिल को धड़काना चाहता है, वह गाइडलाइन के अनुसार ही धड़काए! जो जितना ज्यादा बिल अदा करेगा, उसका उतना ज्यादा दिल एक दूसरे पर फिदा करेगा। किसी नीम के नीचे, छत के ऊपर, सरकारी बगिया के कोनों में दिल धड़काने की सख्त मनाई है। इस वीक के अलावा प्यार करना पाप है, अपराध है, अमानवीय है, अस्पृश्य है! यूनिवर्स दिल फड़-फड़ा-हट कार्यक्रम की हरी झंडी दे दी गई है। टेडी डे के बाद प्रॉमिस डे वेलेंटाइन वीक का पांचवां दिन प्रॉमिस डे के तौर पर मनाया जाएगा। इस दिन एक दूसरे से जिंदगी भर साथ निभाने का प्रॉमिस किया जाएगा; जिसे 7 दिनों के बाद ही तोड़ देने का रूल है। शोधों में साबित हो चुका है कि गले लगने से ज्यादातर समस्याएं कुछ ही मिनटों में समाप्त हो जाती है। प्यार करना भी संघर्ष-समस्या से कम नहीं है। हग डे में यही सब कुछ किया जाता है। यहां पहले एक दूसरे के गले लगते हैं फिर गले पड़ते हैं। परवान चढ़ती प्यार की गर्मी का नाटकीय एहसास करवाने के लिए वैलेंटाइनास्त्रों में हग डे का महत्व बताया गया है। प्यार को मंजिल तक ले जाने की सीढ़ी किस डे रूप में मनाए जाने का सिद्धांत है। यह प्यार का छठवां दिन होता है। प्यार का महल खड़ा करने में किस डे को कंपनी का ब्रांडेड सीमेंट माना जाता है। वेलेंटाइन डे के दिन प्रेमी एक-दूसरे को इंटरनेशनल क्वालिटी टाइम देते हैं। चैट करते हैं।
डेट करते हैं। अपने लव कनेक्शन को याद कर एंजॉय करते हैं। वैलेंटाइन कैलेंडरानुसार प्यार करने की सुविधा कंपनियों ने जारी कर दी है। प्यार सोच समझकर, कैलेंडर के अनुसार, नियम-सिद्धांतों से करने की चीज है; यह अपने आप नहीं होता है। खबरदार! जो इसके अलावा कभी प्यार किया! खट प्यार फट तलाक! वैलेंटाइनास्त्रों में गुलाब का फूल हाथ में दिए बगैर प्रेम, प्यार, इश्क, विश्क फरमाने के सख्त मनाई है! अगला दिन जीवन भर साथ निभाने के लिए प्रपोज डे का नाटक खेला जाना जरूरी है। प्यार सबसे टॉप कैटेगरी का होगा जिसमें बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निर्मित चॉकलेट भेंट किया जाएगा। लाला छत्तूमल दीनदयाल मावेवाले के शुद्ध मावे से बनी मिठाई से इश्क फरमाने की आजादी नहीं है। ये इश्क सिर्फ चॉकलेट से ही परवान चढ़ता है।

# कर्नाटक में भाजपा लगा रहा है पूरा जोर

**इस** साल मई में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होना है। अभी यहां भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है। सूबे में चुनावी माहौल अभी से बनने लगे हैं। राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। हाल ही में राहुल गांधी ने यहां 20 दिन तक भारत जोड़ो यात्रा की। राहुल की इस यात्रा को काफी समर्थन भी मिला। यही कारण है कि अब भाजपा ने नए सिरे से यहां गणित बैठाना शुरू कर दिया है क्योंकि भाजपा दक्षिण के राज्यों में भी कमल खिलाना चाहती है। लेकिन 2023 में कर्नाटक चुनाव एक बार फिर पार्टी के लिए खासा अहम हो गया है। पार्टी के सामने चेहरे की क्राइसिस है। क्या यही वजह है कि पार्टी एक बार फिर से प्रदेश के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा को चुनावी तौर पर सक्रिय करना चाहती हैं? कर्नाटक में भाजपा की सरकार पार्टी के लिए दक्षिण के राज्यों में सत्ता का गेटवे है। लेकिन इस साल चुनौतियां भी कम नहीं। भाजपा का खास चेहरा बीएस येदियुरप्पा अस्सी साल के हो रहे हैं। बढ़ती उम्र उनकी राजनीतिक सक्रियता में सबसे बड़ी बाधा है। मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के बाद से वो नाराज भी बताये जा रहे हैं। उनकी नाराजगी का जमीनी असर न दिखे, इसके लिए प्रयास तेज हो गये हैं। बीएस येदियुरप्पा के सत्ता से अलग होने के अलावा मौजूदा मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी विपक्ष के निशाने पर हैं। विपक्ष लगातार उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहा है। चुनावी दौर में ये दो मुश्किलें भाजपा के लिए कठिनाई खड़ी ना करे, इसके लिए पार्टी ने नई-नई रणनीतियां बनानी शुरू कर दी है। पचहत्तर की उम्र पार होने के बाद कर्नाटक की राजनीतिक बिसात पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा जैसे हाशिये पर आ गये थे लेकिन चुनावी बिगुल फूंके जाने के बाद वो एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। भाजपा के दिग्गजों ने उनकी तलाश तेज कर दी। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी और बीएस येदियुरप्पा की मुलाकात भी हुई थी। जिसके बाद कई तरह के कयास लगने शुरू हो गये हैं। समझा जा रहा है चुनाव से पहले उनकी नाराजगी को दूर करने की कोशिश की जा रही है। कर्नाटक की राजनीति में बीएस येदियुरप्पा की अपनी बिसात है। वो कर्नाटक के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। येदियुरप्पा की लिंगायत समुदाय पर अच्छी पकड़ मानी जाती है। कर्नाटक में उनकी आबादी करीब 17-18 फीसदी है। येदियुरप्पा की अगुवाई के चलते लिंगायत समुदाय को भाजपा का ही समर्थक माना जाता है। लेकिन भाजपा यहां जिस एक और समुदाय को लुभाना चाहती है, वो है-वोक्कालिंगा। दोनों समुदाय की आबादी को अगर मिला दें तो करीब 33-34 फीसदी वोट बैंक बन जाता है। भाजपा के मुख्य रणनीतिकार अमित शाह ने कर्नाटक में 224 में से 136 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। यह कितना आसान होगा, ये



फिलहाल नहीं कहा जा सकता। क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को कड़ी चुनौती देने के लिए कमर कस ली है। भाजपा अगर गुजरात मॉडल को पेश करना चाहती है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के पास भी हिमाचल जीत का परचम लहराने का मौका है। पिछले दिनों कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बैंगलुरु में संबोधित किया था और महिलाओं के लिए नई योजना की घोषणा की थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें मल्लिकार्जुन खरगे का यह गृहराज्य है और वे राष्ट्रीय स्तर पर कर्नाटक के दिग्गज नेता माने जाते हैं। एक और पहलू है जिसका कांग्रेस को फायदा मिल सकता है। मल्लिकार्जुन खरगे दलित समुदाय से आते हैं। कर्नाटक में सबसे बड़ी आबादी दलित मतदाताओं की है। कर्नाटक में अनुसूचित जाति ( की आबादी 23% है। यहां विधानसभा की 35 सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं। पिछली बार यानी 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बनाने में दलितों का बड़ा योगदान रहा था। भाजपा को इस समुदाय का 40 फीसदी वोट मिला था। जबकि 2013 में कांग्रेस को 65 फीसदी दलित वोट मिले थे। पिछले कुछ सालों से सूबे में एससी समुदाय के बीच कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ते जा रहा था। मल्लिकार्जुन खरगे के पार्टी अध्यक्ष बनने से कर्नाटक का दलित वोट बैंक फिर से कांग्रेस की ओर लामबंद हो सकता है। कर्नाटक में भाजपा की लंबे समय से सत्ता है। लेकिन आंतरिक सर्वे से पार्टी को झटका लगता दिख रहा है। सर्वे के मुताबिक उतनी सीटें आती नहीं दिख रही है, जितनी सीटों का अमित शाह ने लक्ष्य रखा है। और यही वजह है कि पार्टी एक बार फिर से प्रदेश के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा को आगे कर रही है। भाजपा के साथ दूसरी मजबूरी यह भी है कि कर्नाटक में भाजपा के पास कोई ऐसा चेहरा नहीं, जिसकी बदौलत आसानी से सरकार बन जाये। दरअसल कर्नाटक में भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की दमदार छवि रही है। साल 2008 में कर्नाटक में भाजपा को सत्ता दिलाने में उनका बड़ा योगदान माना जाता है। उनका ताल्लुक किसान परिवार से रहा है और उन्हें लिंगायत समुदाय का पूरा समर्थन है। ऐसा समझा जाता है राज्य की 224 सीटों में से 40 से अधिक सीटों पर उनके व्यक्तित्व का सीधा दबदबा है। लेकिन पार्टी नियम के मुताबिक बढ़ती उम्र के चलते साल 2021 में उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ा था। पद से हटने के बाद समझा जा रहा है वो पार्टी से नाराज चल रहे हैं। लेकिन चुनाव नजदीक आने पर उनकी नाराजगी पार्टी को कहीं भारी न पड़ जाये। लिहाजा 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी फिर से उन्हें सक्रिय करना चाहती है। कर्नाटक के अंदर 2018 में जब विधानसभा चुनाव हुए थे तो भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। पार्टी को स्पष्ट बहुमत तो नहीं था, लेकिन 104 सीटों पर जीत जरूर मिली थी। सरकार बनाने के लिए कर्नाटक में बहुमत का आंकड़ा 113 है। राज्य में कांग्रेस और जेडीएस ने गठबंधन कर-के सरकार बनाई। हालांकि, बाद में दोनों पार्टियों के कई विधायकों ने पाला बदल लिया। इन विधायकों की मदद से भाजपा ने सरकार बनाई। बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री बने। लेकिन 2021 में भाजपा नेतृत्व ने उनकी जगह बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बना दिया। कहा जाता है कि बोम्मई को येदियुरप्पा की सलाह पर ही मुख्यमंत्री बनाया गया। हालांकि, उसके बाद से येदियुरप्पा जरूर धीरे-धीरे साइड लाइन चले गए। कर्नाटक में येदियुरप्पा की पकड़ काफी मजबूत मानी जाती है। खासतौर पर लिंगायत समुदाय में उन्हें काफी पसंद किया जाता है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी कर्नाटक से ताल्लुक रखते हैं। इस चुनाव में वह भी काफी एक्टिव हैं। हालांकि, बताया जाता है कि बीएल संतोष, बीएस येदियुरप्पा और बोम्मई के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा में ये तीन फ्रंट सामने हैं। इसके अलावा बोम्मई कैबिनेट के भी कुछ सीनियर मंत्री ऐसे हैं, जो मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। इनका एक अलग मोर्चा बन चुका है। देखा जाय तो मौजूदा समय कर्नाटक के अंदर सरकार और पार्टी दोनों ही कई चुनौतियों से जूझ रही है। हालांकि, इनमें से जो सबसे बड़ी चुनौती है वो कार्यकर्ता, संगठन के बड़े नेता और संगठन-सरकार में तालमेल की कमी है।इसके आलावा पिछले साल कर्नाटक के अंदर दो हिंदूवादी युवा नेताओं की हत्या हो गई। इन मामलों में सरकार के रवैए पर सवाल हुए। इससे संघ से जुड़े दूसरे संगठनों के कार्यकर्ता और युवा नेता नाराज चल रहे हैं। एबीवीपी, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और नेता सरकार से नाखुश हैं। ये लोग बोम्मई को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। बोम्मई के अलावा बीएस येदियुरप्पा, बीएल संतोष का भी अलग गुट प्रदेश में काम कर रहा है। इसके अलावा कुछ कैबिनेट मंत्री भी हैं, जो खुद को मुख्यमंत्री पद का मजबूत दावेदार मानते हैं। संगठन में कई गुट बनने से भी पार्टी को नुकसान होता दिख रहा है। आलम ये है कि एक गुट के समर्थक नेता किसी दूसरे गुट के बुलावे पर बैठक तक में शामिल नहीं होते। यहां तक की पार्टी के एक वरिष्ठ नेता खुद को सुपर मुख्यमंत्री मानकर चलते हैं। सीएमओ का कोई भी प्रोटोकॉल मानने से साफ इंकार कर देते हैं। कर्नाटक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बीस दिनों तक रही। इस यात्रा के बाद कर्नाटक कांग्रेस ने नारा दिया कि 'अबकी बार, कांग्रेस 150 पार'। राहुल ने कर्नाटक के अंदर काफी रणनीति तैयार की। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कर्नाटक में यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी पहुंची। राहुल की यात्रा का रूट और सियासी समीकरण समझें तो ये यात्रा दक्षिण कर्नाटक से होकर गुजरी। यात्रा सात जिलों की सात संसदीय सीटों चामराजनगर, मैसुरू, मांड्या, तुमकुर, चित्रदुर्ग, बेल्लारी और रायचूर से होकर गुजरी। इन सात संसदीय इलाकों में करीब 21 विधानसभा सीटें आती हैं। दक्षिणी कर्नाटक का यह पूरा हिस्सा वोक्कालिंगा समुदाय का गढ़ माना जाता है। जो मूल रूप से जेडीएस से जुड़ा है। ऐसे में जेडीएस का हिस्सा पाने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अपनी अपनी निगाहें लगाए बैठी हैं। खासकर मैसूर इलाके में पारंपरिक रूप से लड़ाई कांग्रेस और जेडीएस के बीच में है। हालांकि, यहां भाजपा अपना पैर जमाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह ज्यादा सफल नहीं हो पा रही।

> सरकार बनाने के लिए कर्नाटक में बहुमत का आंकड़ा 113 है। राज्य में कांग्रेस और जेडीएस ने गठबंधन करके सरकार बनाई। हालांकि, बाद में दोनों पार्टियों के कई विधायकों ने पाला बदल लिया। इन विधायकों की मदद से भाजपा ने सरकार बनाई। बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री बने

# युवा शक्ति प्लस बुजुर्ग अनुभव इक्वल टू गैरेंटेड सक्सेस

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर अगर तजुबेर्दार, बड़ों, अनुभवी ताउम्र लोगों और बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान, एकजुटता की बात करें तो आदि अनादि काल से यह भारत में रही है क्योंकि भारत की संस्कृति सभ्यता और यहां की मिट्टी में ही ऐसे गुणों की खान है जो जन्म से ही प्राणी के दिलों दिमाग में बस जाती है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में पश्चिमी संस्कृति के सैलाब में इस उचित मार्गदर्शन की भागीदारी का कमजोर होना रेखांकित किया जा सकता है। जबकि आधुनिक नवीनतम नए भारत में युवाओं की संख्या तीव्रता से बढ़ रही है इसलिए इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से युवा शक्ति और हमारे बड़ों, अनुभवी, ताउम्र लोगों,याने अंतर पीढ़ी गत एकजुटता को कायम करने पर चर्चा करेंगे।
सथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में भारत की युवा शक्ति की करें तो, भारत युवाओं का देश हैं, पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। हमारे देश में 35 वर्ष की आयु तक के 65 करोड़ युवा हैं। अर्थात हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की, उनमे अच्छे संस्कार, उचित शिक्षा एवं प्रोद्यौगिक विशेषज्ञ बनाने की, उन्हें बुरी आदतों जैसे- नशा, जुआ, हिंसा इत्यादि से बचाने की। क्योंकि चरित्र निर्माण ही देश की, समाज की, उन्नति के लिए परम आवश्यक है। दुश्चरित्र युवा न तो अपना भला कर सकता है, न समाज का और न ही अपने देश का। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवा वर्ग को ही मेधावी, श्रमशील, देश भक्त और समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत होना होगा।
साथियों बात अगर हम देश के युवाओं को विलासिता सुख सुविधा के मोह में देश की जमीन छोड़कर प्रवासन की करें तो, आज विश्वभर में अधिकतर युवा विलासिता और सुख-सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह जा रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महा- राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को पर्याप्त साधन नहीं दे सकता बल्कि इससे देश की विकास का सशक्त आधार भी समाप्त हो जाता है।
साथियों इसलिए युवाओं को चाहिए कि अपनी क्षमता का लाभ अपनी मिट्टी में से जुड़कर देश सेवा में हाथ बताएं इसलिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी कहा है, इस महत्वपूर्ण दिन पर, बाधाओं को तोड़ने के लिए पीढ़ियों से हाथ मिलाएं, और सभी लोगों के लिए एक अधिक न्यायसंगत, न्यायपूर्ण और समावेशी दुनिया प्राप्त करने के लिए एक के रूप में काम करें।
साथियों बात अगर हम वर्तमान मानव विकास गति की करें तो, वर्तमान सदी में युवा वर्ग मानव सभ्यता के ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जब मानव विकास गति का रथ जेट विमान की गति से भाग रहा है। यह तीव्र विकास गति जहाँ अनेकों उपलब्धियां सुविधाएँ और चमत्कार लेकर आ रही है, वहीं युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता पा लेने की चुनौती भी। क्योंकि यदि युवा वर्ग इतना क्षमतावान है की वह तेजीसे हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके,नयी खोजों नयी तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली परिवर्तित कर सके, तो ही वह अपने जीवन को सम्मानजनक एवं सुविधा संपन्न बना सकता है, और विश्व स्तर पर अपने अस्तित्व को बनाये रख सकता हैप्रतिस्पर्द्धा की कड़ी चुनौतियों को स्वीकार करना ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है। साथियों बात अगर हम युवाओं द्वारा अपने समय के सदुपयोग के मूल्यों की करें तो, आज के युवा वर्ग को अपने विद्यार्थी जीवन में अध्ययनशील, संयमी, चरित्र निर्माण के लिए आत्मानुशासन लाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रयास करने चाहिए। जिसके लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। विद्यालय को मस्ती की पाठशाला समझ कर समय गंवाने वाले युवा स्वयं अपने साथ अन्याय करते हैं, जिसकी भारी कीमत जीवन भर चुकानी पड़ती है। बिना शिक्षा के कोई भी युवा अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने में अक्षम रहता है। चाहे उसके पास अपने पूर्वजों का बना बनाया, स्थापित कारोबार ही क्यों न हो। या वह किसी राजनयिक या प्रशासनिक अधिकारी की संतान ही क्यों न हो। इसी प्रकार बिना शिक्षा के जीवन में कोई भी कार्य, व्यापार, व्यवसाय उन्नति नहीं कर सकता। यदि कोई युवा अपने विद्यार्थी जीवन के समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तो मनोरंजन, मस्ती और ऐश के लिए पूरे जीवन में भरपूर अवसर मिलते हैं। वर्तमान समय में युवा विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, अर्थात प्रोद्यौगिकी से सम्बंधित विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करनी चाहिए। जो देश की उन्नति में योगदान देने के साथ-साथ रोजगार की असीम संभावनाएं दिलाती है। साथियों बात अगर हम वैश्विक युवा शक्ति की करें तो, युवा विकास के लिए एक सकारात्मक शक्ति हो सकते हैं जब उन्हें ज्ञान और अवसर प्रदान किए जाते हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। आज, 15 से 24 वर्ष की आयु के 1.2 अरब युवा हैं, जो वैश्विक आबादी का 16 प्रतिशत है। 2030 तक - 2030 एजेंडा बनाने वाले सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए लक्ष्य तिथि - युवाओं की संख्या 7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.3 बिलियन होने का अनुमान है, हमारे ग्रह पर आधे लोग 30 या उससे कम उम्र के हैं, और यह 2030 के अंत तक 57 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है।सर्वेक्षण से पता चलता है कि 67 फीसदी लोग बेहतर भविष्य में विश्वास करते हैं, जिसमें 15 से 17 वर्ष के बच्चे इस बारे में सबसे अधिक आशावादी हैं।अधिकांश लोग इस बात से सहमत हैं कि राजनीति में उम्र का संतुलन गलत है। सभी आयु समूहों के दो तिहाई (69 फीसदी) से अधिक लोग इस बात से सहमत हैं कि नीति विकास/परिवर्तन में युवा लोगों के लिए अधिक अवसर राजनीतिक व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे। विश्व स्तर पर, केवल 2.6 फीसदी सांसद 30 वर्ष से कम उम्र के हैं, और इनमें से 1 फीसदी से भी कम युवा सांसद महिलाएं हैं। साथियों बात अगर हम युवाओं को इस हेतु प्रोत्साहन की करें तो इस संदेश को बढ़ाना है कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सभी पीढ़ियों के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है और किसी को पीछे नहीं छोड़ना है। यह अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता, विशेष रूप से आयुवाद, जो युवा और वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित करता है, के लिए कुछ बाधाओं पर जागरूकता बढ़ाएगा, जबकि समग्र रूप से समाज पर हानिकारक प्रभाव पड़ेगा। देश के युवाओं की आवाज, कार्यों और उनके द्वारा किए गये आविष्कार को देशझदुनिया तक पहुंचाना है। युवाओं की समस्या को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जैसे संयुक्त राष्ट्र , मानवाधिकार तक पहुंचाना है।

# भाजपा को भारी पड़ेगी महिला नेताओं की नाराजगी

रमेश सर्राफ धमोरा

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अगले लोकसभा चुनाव तक अध्यक्ष पद का कार्य विस्तार मिल चुका है। अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नड्डा ने अपने संगठन को पुनर्गठित और चुस्त-दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व जम्मू कश्मीर सहित दस प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव होने हैं। जिनके नतीजों से पता चल जाएगा कि अगले लोकसभा चुनाव में कौन सी पार्टी केंद्र में सरकार बना सकेगी। चुनावों वाले दस राज्यों से लोकसभा की कुल 121 सीट आती है। ऐसे में ऐसे में जिस पार्टी की भी सरकार इन प्रदेशों में बनेगी स्वाभाविक ही है कि लोकसभा चुनाव में भी उसी पार्टी का अधिक प्रभाव दिखेगा। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद अपने गृह प्रदेश हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार को नहीं बचा सके और वहां पर कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने में कामयाब हो गई। इससे लगता है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नड्डा शायद ही कुछ करिश्मा दिखा पाए। पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द ही रहता लग रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता अभी से अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुके हैं। अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भी ही पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर किसी नए नेता को लाने की बजाय जेपी नड्डा को ही रखने का फैसला किया है। भाजपा का मानना है कि नड्डा की पूरी टीम का सेटअप बना हुआ है। ऐसे में नए सिरे से संगठन बनाने में काफी समय निकल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशभर में अपने दौरे करने शुरू कर दिए हैं। भाजपा के नेता पूरी तरह चुनावी मूड में नजर आने लगे हैं। पार्टी तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का सपना देख रही है। ऐसे में भाजपा की ही कुछ बड़ी महिला नेताओं की नाराजगी आने वाले चुनाव में भाजपा को भारी पड़ सकती है। राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे सिंधिया पिछले लंबे समय से राजस्थान में खुद को नेता घोषित करने की मांग करती आ रही है। वसुंधरा राजे चाहती है कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी उन्हें नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़े। मगर भाजपा आलाकमान ऐसा करने के मूड में नहीं लगता है। वर्तमान में वसुंधरा राजे भाजपा की राजनीति में हाशिए पर है। कहने को तो उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। मगर सक्रिय राजनीति में उनकी कोई भूमिका नजर नहीं आ रही है। राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे का कद बहुत बड़ा माना जाता है। विशेषकर भाजपा में तो वसुंधरा राजे के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है। वही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में लगातार दूसरी बार कांग्रेस की सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राज्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश देकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर्मचारी वर्ग में खासे लोकप्रिय हो रहे हैं। माना जा रहा है कि गहलोत द्वारा पेश किए जाने वाला राजस्थान का अगला बजट भी काफी लोक लुभावना होगा। ऐसे में गहलोत का मुकाबला करने में वसुंधरा राजे ही सबसे उपयुक्त नेता है। राजस्थान भाजपा का संगठन पूरी तरह वसुंधरा विरोधी नेताओं से भरा पड़ा है। वर्तमान परिस्थितियों में तो वसुंधरा समर्थक कई मौजूदा विधायकों को भी टिकट मिलना संदिग्ध नजर आ रहा है। अंदर खाने चर्चा है कि वसुंधरा समर्थक अपने नेता पर अलग दल बनाकर चुनाव में उतरने का दबाव डाल रहे हैं। हालांकि वसुंधरा राजे देखो और इंतजार करो की नीति पर चल कर आलाकमान का मूड भांपने का प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शिवराज सिंह चौहान सरकार पर लगातार हमलावर हो रही है। शराबबंदी के बहाने उमा भारती लगातार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेर रही है। राजनीति में खुद को हाशिए पर डाले जाने से नाराज उमा भारती भाजपा आलाकमान से बहुत नाराज है। उमा भारती का मानना है कि उन्होंने ही मेहनत कर दस साल से मध्यप्रदेश में शासन कर रही कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार को उखाड़ फेंका था। जिसके बाद उनको मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री तो बनाया गया था। मगर एक अदालती फैसले के कारण उनको पद छोड़ना पड़ा था। बाद में उन्हें मुख्यमंत्री बनने का फिर से मौका नहीं दिया गया। शिवराज सिंह चौहान एक बार मुख्य बनने मंत्री बनने के बाद कुर्सी से ऐसे चिपके कि लगातार चौथा कार्यकाल में भी वही मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उमा भारती को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काट दिया गया। उसके बाद से वह लगातार अपने राजनीतिक पुनर्वास का प्रयास कर रही है। मगर उन्हें राजनीति में कहीं भी एडजेस्ट नहीं किया गया। इससे उमा भारती बहुत नाराज नजर आ रही है और अपनी नाराजगी का खुलकर इजहार भी कर रही है। उमा भारती शराबबंदी के लिए आंदोलन करने का एलान करने के साथ ही शराब दुकान पर पत्थर तक फेंक चुकी हैं। गत दिनो उन्होंने लोधी समाज के कार्यक्रम में कहा था कि वह समाज के लोगों से बीजेपी को वोट देने के लिए नहीं कहेंगी। उन्होंने कहा कि समाज वोट देते वक्त अपने हितों का ख्याल जरूर रखें।
आठवीं बार की सांसद मेनका गांधी भी भाजपा आलाकमान से बहुत खफा नजर आ रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मेनका गांधी व उनके सांसद पुत्र वरूण गांधी में से किसी को भी मंत्री नहीं बनाया गया। इतना ही नहीं उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय परिषद से भी हटा दिया गया। मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी तो लगातार केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ खुलकर बयान बाजी कर रहे हैं। 2017 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। मगर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया गया था। उसके बाद से ही वरुण गांधी पार्टी लाइन से दूर होते जा रहे हैं। सबसे वरिष्ठ सांसद होने के बाद भी मेनका गांधी को इस बार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने से वह खुद को पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रही है। पिछले कुछ समय से मीडिया में लगातार इस बात की चर्चा हो रही है कि वरुण गांधी ने अपने चचेरे भाई राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी कांग्रेस में शामिल होने पर चर्चा की है। हालांकि राहुल गांधी ने कह दिया है कि वरुण गांधी की विचारधारा हमारे से अलग है और वह जहां है वहीं रहकर राजनीति करें।

## क्या पाक की दुर्दशा का जिम्मेदार खुद पाकिस्तान है

संजीव ठाकुर

**पाकिस्तान** में इमरान सरकार ने पिछले 3 सालों में स्थिति बद से बदतर कर दी थी। मुद्रास्फीति और महंगाई चरम सीमा पर है चावल, गेहूं ,आटा ,शक्कर और फलों के दाम आम नागरिकों की पहुंच से बाहर हो चुके है। फलों के दामों में आग लगी हुई है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी ने शाहबाज सरकार को आलोचना का बड़ा शिकार बना दिया है। इमरान सरकार के हटने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि शाहबाज शरीफ की सरकार और उनके भानुमति के कुनबे को कुछ अक्ल आएगी, किंतु यह सरकार तो इमरान सरकार से भी गई गुजरी दिखाई देने लगी है। पाकिस्तान सरकार के पास रोजमर्रा का खर्च चलाने के लिए पैसे नहीं है उनका अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में बैलेंस कुछ अरब डॉलर का ही रह गया है। बलूची आतंकवादियों द्वारा कराची में बम विस्फोट के कारण चीनी नागरिकों की मौत से चीन सरकार पाकिस्तानी सरकार से काफी नाराज चल रही है और उसने अपनी सहायता रोक दी है, शहबाज शरीफ चीनी नागरिकों की सुरक्षा को हर संभव प्राथमिकता देने के बाद भी चीनी सरकार का गुस्सा खत्म नहीं हो रहा है, उसने तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान को सारी सहायता रोक दी और अपनी सारी परियोजनाओं पर काम करना बंद कर दिया है। इसके अलावा सऊदी अरब, तुर्की और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी सहायता वर्तमान में रोककर पाकिस्तान की समस्या को दुगना कर दिया है। इसके बाद भी इमरान खान की तरह प्रधानमंत्री शरीफ भी कश्मीरी राग अलाप कर भारत का विरोध लगातार कर रहे हैं। बड़बोले पन की हद तक जाकर उन्होंने ऐलान किया है कि वह अपनी कमीज बेच कर भी आवाम को आटा, शक्कर ,चावल, गेहूं उपलब्ध कराएंगे। पर शायद पाकिस्तान की किस्मत में केवल फटे खाली ही लिखी है, वर्तमान में पाकिस्तान न सिर्फ बिजली संकट से जूझ रहा है बल्कि बिजली संकट के कारण पानी की भी अभूतपूर्व कमी हो गई है।

## फटाफट खबरें

### पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरत रहे बीएसए

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के रामसहाय सिंह पुत्र अलखनारायण सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि आईजीआरएस में झूंठी-कपोल कल्पित जांच आख्या उच्चाधिकारियों को भेजकर बीएसए पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरत रहे हैं।

बुधवार को पहाडी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के रामसहाय सिंह पुत्र अलखनारायण सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि हाईकोर्ट इलाहाबाद की जिस याचिका का हवाला जांच में दिया गया है। उसमें न्यायालय ने संकल्पित साक्ष्य पर्याप्त न होने से आधार पर केस खारिज किया है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर नामित जांच अधिकारी ने जांच आख्या में शिकायत सही पाये जाने पर प्रशासनिक कार्यवाही करने से रोका है। इस मामले में जांच के बाद दोषी आरोपियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही करने की अपेक्षा पत्र से शिक्षा मंत्रालय व जिला स्तर पर भेजी है। इसका अनुपालन भ्रष्ट लापरवाह शिक्षा विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे। प्रतिभा सिंह पुत्री प्रेमचन्द्र ने एक ही शिक्षण सत्र में दो अलग-अलग विद्यालयों से टीसी निर्गत कराकर फर्जी शैक्षणिक अभिलेख से प्रवेश लिया था। जांच अधिकारी ने कूटरचित शैक्षणिक अभिलेख मिलने पर प्रतिभा सिंह पुत्री प्रेमचन्द्र व अन्य दोषियों के खिलाफ बीएसए को कार्यवाही की बाबत पत्र लिखा था, आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

बिन्दुवार कार्यवाही न होने से कूटरचित चालबाजियां एवं तथ्यों के साथ छेडछाड की गई है। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुरेटनपुर से जारी टीसी तक ही सीमित है। इसकी जांच विधि पूर्वक करने का अधिकार बीएसए पर बनता है। कक्षा पांच पास टीसी के आधार पर कक्षा छह में प्रवेश समीचीन प्रतीत नहीं होता। राजकीय इंटर कालेज घुरेटनपुर से संबंधित होने पर शिकायत का निस्तारण नियमानुसार आपके स्तर से होना है, जबकि आज तक कार्यवाही नहीं हुई। पीडित ने मांग किया है कि मामले में सभी साक्ष्यों का अवलोकन कर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दोषियों पर कानूनी कार्यवाही करें।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के घुनुवा गांव के रामलाल पुत्र रामऔतार ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एकराय होकर गाली-गलौज एवं मारपीट की है। पीडित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

बुधवार को पीडित रामलाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि सात फरवरी को वह जरुरी काम से तहसील मऊ गया था। लौटते समय रास्ते में पूर्व प्रधान गणेश प्रसाद, भाई पवन व नागेश पुत्रगण भइयालाल व नौकर रामकटियार ने एकराय होकर तमंचा व फरसा लेकर गाली-गलौज कर कहा कि उसे एससी-एसटी झूंठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज देंगे।

पीडित ने बताया कि तीनों लोग उसे मारने को आगे बढे तो वह वहां से भागकर घर आकर सारी बातें भाई व पिता को बताई। रैपुरा थाने में तहरीर देने के बाद भी मामला दर्ज नहीं किया गया। पीडित ने मामला दर्ज कराने की एसपी से गुहार लगाई है।

### अग्निकांड के शिकार सब्जी फरोसो ने लगाई मदद की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर सब्जीमंडी में अग्निकांड के शिकार मूवीन, अफजल अहमद, रिजवान, ईश्वरी प्रसाद वर्मा आदि ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि अग्निकांड से उन्हें भारी क्षति पहुंची है।

बुधवार को जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में अग्निकांड पीडितों ने कहा कि 17 जनवरी की रात अचानक अग्निकांड से दुकानों को भारी क्षति पहुंची थी। सेब, अनार, आलू, टमाटर, लहसुन, साइकिल समेत तकरीबन एक लाख 90 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। किसी का एक लाख, किसी का ढाई लाख, किसी का 40 हजार की क्षति हुई है। उनकी दुकान से रोजीरोटी चलती थी। दुकान में आग लगने से सबकुछ स्वाहा हो गया है। बच्चों की पढाई-लिखाई भी ठप हो गई है। सभी लोग सडक पर आ गये हैं। रोजीरोटी का सहारा छिन जाने से अब सभी लोग बेरोजगार हो गये हैं।

पीडितों ने कहा कि उन्हें आर्थिक मदद दिलाई जाये, ताकि वे फिर से अपना छोटा-मोटा कारोबार शुरू कर सकें।

### अर्दली बाजार में छापेमारी कर पुलिस ने मोबाइल कंपनी के नकली स्पेयर पार्ट्स किया बरामद

**वाराणसी।** वाराणसी में नामी गिरामी मोबाइल कंपनी के नकली स्पेयर पार्ट्स बेचने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया। एप्पल कंपनी के अफसरों की शिकायत पर कैंट पुलिस ने अर्दली बाजार स्थित कई दुकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में मोबाइल के कवर, चार्जर, स्पीकर, बैटरी, कैमरा सिम ट्रे, केबल आदि सामान बरामद कर लिया। कम्पनी के अफसरों की लिखित तहरीर पर पुलिस ने चार दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया। दुकानदार नकली पार्ट को असली बता कर लम्बे समय से बेच रहे थे।

एप्पल कंपनी के इंटेलिजेंस विंग के अधिकारी संजीव तंवर और भूमिका सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कम्पनी के नाम पर लम्बे समय से नकली सामान दुकानदार बेच रहे थे। उनकी शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही की। छापेमारी में मिलन इंटरप्राइजेज के अधिष्ठाता मिलन बिजलानी की दुकान से सबसे अधिक नकली माल बरामद हुआ। यहां से 39 कवर नकली, एप्पल मोबाइल बैटरी 58, एप्पल मोबाइल चार्जर 48 नकली, एप्पल बैक पैनल 28 ,एप्पल फ्रंट पैनल 8, नकली एप्पल मोबाइल कैमरा ,35 नकली एप्पल मोबाइल टच, 33 नकली एप्पल मोबाइल, नकली एप्पल मोबाइल सिम ट्रे, 4 नकली एप्पल मोबाइल स्पीकर, 5 एप्पल नकली चार्जर कनेक्टर आदि बरामद हुआ। इसी क्रम में आरबी मोबाइल से 29 एप्पल नकली मोबाइल कवर,तृषा मोबाइल से एप्पल कंपनी के नकली कवर, 28 नकली एप्पल यूएसबी केबल आदि बरामद हुआ। ओम कम्युनिकेशन महावीर मंदिर चौराहे से 295 नकली एप्पल कंपनी के मोबाइल कवर बरामद हुए। छापेमारी के दौरान दुकानदारों ने बताया कि माल दालमंडी से उठाते हैं। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों के साथ दुकानदारों ने टीम का विरोध भी किया।

### छत पर टहल रही किशोरी की आंगन में गिरने से मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के बेलवन गांव में बुधवार को एक किशोरी की मकान के ऊपरी मंजिला की छत से आंगन में गिर जाने से मौत हो गई।

बेलवन गांव निवासी सूर्यबली की पुत्री काजल ( 17 ) शाम को लगभग चार बजे अपने मकान की छत टहल रही थी। अचानक अगन में गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन बाहर बैठे थे अचानक कुछ देर बाद घर के बाहर बैठे परिजन जब आंगन में गए तो काजल को आंगन में पड़ा पाया।

# फाइलेरिया का 27 फरवरी तक चलेगा अभियान: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने फाइलेरिया उन्मूलन की बैठक में कहा कि दस से 27 फरवरी तक अभियान चलाया जाना है। सबसे पहले ई-कवच पर फीडिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की अलग-अलग फीडिंग करायें।

बुधवार को जिलाधिकारी कैम्पस में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव को डीईसी व एल्बेंडाजाल गोली का सेवन कराया जाये। जिले में 864 टीमें व 156 सुपरवाइजर लगाये गये हैं। प्रत्येक टीम में दो सदस्य कार्य करेंगे। सुपरवाइजर, आंगनबाडी, संगनी आदि चिन्हित लोगों को दवा दिलायेंगे। इसका प्रसार-प्रचार किया जाये। दवा स्कूलों में लंच के बाद बच्चों को



खिलायें। बचे हुए बच्चों को डोर-टू-डोर दवा खिलाई जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि आशा, आंगनबाडी माइक्रोप्लान बनाकर साथ कार्य करें। गांव स्थल पर रजिस्टर रखकर नोटकर टिक लगायें। रजिस्टर में परिवार का मुखिया का नाम व मोबाइल नम्बर भी लिखें।

उन्होंने कहा कि प्रथम बोली प्रधानों को खिलाकर फोटो खींची जाये। दो साल से कम उम्र वाले बच्चों को आधी गोली खिलाई जाये। गर्भवती महिलाओं व गम्भीर रोग से पीडित को दवा का सेवन न कराये जायें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि सहायता प्राप्त स्कूलों के बच्चों को भी दवा खिलायें। उन्होंने सीएमओ व डीपीआरओ से कहा कि प्रधान, आशा व आंगनबाडी सभी एक साथ दवा खिलायें। बैठक में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसीएमओ इम्तियाज अहमद, डीपीआरओ कुमार अमरेन्द्र, बीएसए लवप्रकाश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी लालसाहब सिंह आदि मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार मऊ की खुली पोल: दहेज लोभी है घासीराम

### -दहेज लोभी पत्नी व ससुरालीजनों को कर रहा प्रताडित -पीडित ने पद मुक्त करने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सिद्धगोपाल अहिरवार ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि नायब तहसीलदार मऊ घासीराम ने दहेज के लोभ में उनकी पुत्री अनामिका से तलाक मांग रहा है। उन्होंने घासीराम को नायब तहसीलदार के पद से मुक्त करने की मांग की है।



बुधवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सिद्धगोपाल अहिरवार ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि उन्होंने अपनी पुत्री अनामिका का विवाह घासीराम पुत्र दिल्लीपत निवासी बसौठ थाना खरेला जिला महोबा के साथ 23 फरवरी 2020 को लखनऊ में किया था। मौजूदा समय में नायब तहसीलदार के पद पर घासीराम जिले की मऊ तहसील में तैनात हैं। पुत्री की शादी में घासीराम के खुद लिखित आधार पर इच्छित दहेज दिया था। इसके बाद भी घासीराम दहेज की धनराशि से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने पुत्री के साथ मारपीट कर बेईज्जत करते रहे। दो दिसम्बर 2021 को लखनऊ स्थित उनके घर में छोडकर चले गये। अतिरिक्त दहेज देने से मना करने पर घासीराम पुत्री पर अनर्गल झूंठे आरोप लगाकर पारिवारिक न्यायालय में 22 दिसम्बर 2021 को पुत्री से तलाक लेने का मामला दर्ज करा दिया।

पुत्री के पिता सिद्धगोपाल ने उसके परिवार के सभी सदस्यों से पुत्री को साथ रखने व मुकदमा वापस लेने का काफी अनुरोध किया। न मानने पर पीजीआई लखनऊ में 13 मार्च 2022 को दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज करा दिया। इस मामले में पुलिस ने घासीराम के खिलाफ चार्जसीट दाखिल कर दी है। दहेज एक्ट का मामला दर्ज होने से बौखलाये नायब तहसीलदार घासीराम ने पद का दुरुपयोग करते हुए धारा 156(3) के तहत 15 सितम्बर 2022 को मऊ थाने में एक बलबा, सरकारी कार्य में दखल, जानलेवा हमला, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी तथा क्षति पहुंचाने का फर्जी मामला दर्ज करा दिया। इस मामले में अभी विवेचना जारी है। सिद्धगोपाल का दावा है कि मोबाइल फोन से सीडीआर निकालकर उनकी उस दिन की लोकेशन चेक कर ली जाये।

एफआईआर में उनके समेत पूरे परिवार को नामजद किया गया है, जबकि उनका पुत्र आशीष पूना महाराष्ट्र में पढ रहा है। घासीराम उनके व परिजनों का सामाजिक, आर्थिक, मानसिक उत्पीडन कर रहा है। इस बाबत उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री समेत राजस्व परिषद आदि को पत्र लिखे हैं। पत्र में उल्लेख किया है कि एक लोक सेवक के पद पर रहते हुए दहेज लोभी कार्य कर रहा है। घासीराम के खिलाफ विभागीय कार्यवाही न होने से उसके हौसले बुलंद हैं।

वह लगातार उनका व परिजनों का उत्पीडन कर रहा है। पीडित ने घासीराम को पद मुक्त करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# राज्यमंत्री ने देखा वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट माडल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने संयुक्त जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर आकस्मिक चिकित्सा वार्ड, अंतः रोगी विभाग, पुरुष वार्ड, आयुष्मान वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने मरीजों को फल भी बांटे। बुधवार को सूबे के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को फल बांटकर हालचाल जाना। मरीजों से इलाज के बारे में पूंछा। सीएमएस से कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की समस्या न हो। जिला अस्पताल में राज्यमंत्री को अच्छी व्यवस्था मिली। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश हैं कि सभी को स्वास्थ्य परक लाभ दिया जाये।



उन्होंने कलेक्टेज्ट परिसर में बनाये जा रहे वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के माडल प्रोजेक्ट को देखा। इस मौके पर मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस सुधीर कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पंकज अग्रवाल, रविप्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### हाईवे किनारे मिला दवा कारोबारी के कर्मचारी का शव

**मुरादाबाद।** बुधवार को मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में हाईवे किनारे दवा कारोबारी के कर्मचारी आदेश वर्मा (55 वर्ष) का शव पड़ा मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। गर्दन और चेहरे पर चोट निशान हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसपी सिटी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मझोला थानाक्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी आदेश वर्मा कटघर के शिवपुरी निवासी दवा कारोबारी प्रेम गुप्ता के यहां नौकरी करते थे। आदेश वर्मा मेडिकल स्टोर और अस्पतालों में दवाइयां पहुंचाने और पेमेंट लाने का काम करते थे। मंगलवार को आदेश दवा सप्लाई करने के लिए रामपुर के शाहबाद, सैफनी गए थे। देर रात तक वह नहीं लौटे। बुधवार सुबह आदेश वर्मा का शव कटघर थानाक्षेत्र के हाइवे में चंदौसी कट के पास मिला।

# लखनऊ बार एसोसिएशन ने डॉ अर्चना समेत कई प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**लखनऊ।** लखनऊ बार एसोसिएशन एवं एक्टिव एडवोकेट फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान डॉ अर्चना त्रिपाठी समेत कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

जलशक्ति मंत्री ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 24 विभूतियों को सम्मानित किया। इनमें शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये डॉ अर्चना त्रिपाठी को अलंकृत किया गया। वहीं विधि एवं न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल नारायण मिश्र, विधि संवाददाता नीरज श्रीवास्तव और साइबर क्राइम क्षेत्र के मोहम्मद मुस्लिम खान को सम्मानित किया गया।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इस दौरान अपने संबोधन में लखनऊ बार एसोसिएशन के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। उन्होंने अधिवक्ताओं का आवाहन किया कि वे भी सरकार के इस अभियान में अपना सहयोग देते हुए समाज में समरसता का भाव उत्पन्न करने में सरकार की मदद करें। पूर्व में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय, महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्र समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस ने परिवार को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को सुलझाकर परिवार को टूटने से बचाया।

बुधवार को बांदा जिले के चिल्ला थाना के नईम अली पुत्र अली हसन ने एसपी को लिखे पत्र में कहा कि उसकी सास-ससुर, ननंद व देवर लडाई-झगडा कर घर में रहने नहीं देते। पुलिस टीम ने दूसरे पक्ष को बुलाकर पुलिस कार्यालय में दोनों पक्षों को समझाया। दोनों पक्षों से भविष्य में विवाद न करने को कहा। दम्पति को तालमेल से रहने की सलाह दी।

टीम में प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह व महिला सिपाही शिवांगी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

### मुख्य अभियंता को लोनिवि कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी व महामंत्री अनिल कुमार ने पदाधिकारियों के साथ खंडीय सहायकों की समस्या निदान को लेकर मुख्य अभियंता बांदा को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में पांचवे दिन मुख्य अभियंता बांदा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तीन-चार फरवरी को काली पट्टी बांधकर व छह-सात फरवरी को कलमबन्द हडताल की गई है। आज आठ फरवरी को क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन देकर समस्या निदान को ज्ञापन सौंपा। 13 फरवरी को लखनऊ स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में प्रदेश स्तरीय हडताल धरना प्रदर्शन की तिथि प्रान्तीय कार्यकारिणी ने घोषित की है। खंडीय सहायकों की समस्या के निराकरण को हडताल जारी है। खंडीय सहायकों की समय से पदोन्नति न होना, सहायकों का स्थायीकरण न होना, 2019 में आये नये सहायकों का नाम ज्येष्ठता सूची में न जोडना, नई ज्येष्ठता सूची जारी न करना और पुरानी पेंशन बहाली आदि की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने में क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी के साथ जिलाध्यक्ष अनिल कुमार व महामंत्री आदि शामिल रहे।

### एजेंट की गिरफ्तारी के बाद आगरा आये छह बांग्लादेशी लापता

**आगरा।** अवैध बांग्लादेशियों को भारत लाने वाले एजेंट की गिरफ्तारी के बाद आगरा से छह बांग्लादेशी लापता हो गए हैं। मथुरा से गिरफ्तार हुआ एजेंट कमरुल बांग्लादेश से छह बांग्लादेशियों को आगरा लेकर आया था। पुलिस और खुफिया एजेंसी लापता बांग्लादेशियों की तलाश में जुट गयी है। 5 फरवरी को आगरा से पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों के मामले में पुलिस ने मथुरा से एजेंट कमरुल को गिरफ्तार कर लिया। कमरुल की गिरफ्तारी के बाद अब आगरा से छह नए बांग्लादेशियों के लापता होने की जानकारी मिल रही है। जानकारी के अनुसार मथुरा से पकड़ा गया एजेंट कमरुल, हालिम और रहीमा के पास लोगों को लेकर आया करता था। नए बांग्लादेशियों को कुछ समय पहले ही भारत लाने वाला कमरुल छह बांग्लादेशियों को भारत लेकर आया था। एलआईयू और आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर मथुरा के कोतवाली थाना क्षेत्र से बांग्लादेशी कमरुल पकड़ा गया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद से आगरा आये छह बांग्लादेशी लापता हो गए हैं। कमरुल इस सब के मास्टरमाइंड हालिम और रहीमा के पास इन बांग्लादेशियों को लेकर आया करता था। अब इस मामले में पुलिस को बांग्लादेशियों के दिल्ली और हरियाणा जाने की सूचना मिल रही है। बांग्लादेशी आगरा में लगातार हो रही कार्यवाही और छापे के चलते दूसरे राज्यों का रुख कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में बस और कार की टक्कर, 25 की मौत, कई गंभीर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कोहिस्तान में एक सड़क हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा खैबर पख्तनूवा के ऊपरी कोहिस्तान जिले के काराकोरम जिले के हाइवे पर शातियाल इलाके में एक बस और कार की भिड़ंत के बाद हुआ, जिसके बाद बस खाई में जा गिरी। रिपोर्ट में डियांपर एसएसपी शेर खान ने बताया है कि एक्सीडेंट उस वक्त हुआ है जब एक बस जो कि जीबी के गिजर जिले से रावलपिंडी की ओर जा रही थी और इसी दौरान एक दूसरी



तरफ से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। शेर खान ने बताया कि इस हादसे में 20 बस में सवार यात्री और 5 कार में सवार यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई है। स्थानीय पुलिस राहत बचाव के कार्य में जुट गई है। फिलहाल पुलिस यह पता लगा रही है कि बस में कितने लोग सवार थे। वहीं उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए सांत्वना दी है और घायलों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घायलों को सभी उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## दलाई लामा ने तुर्की और सीरिया में भूकंप से जान गंवाने वालों के प्रति प्रकट की संवेदनाएं

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा ने तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से इस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। संकट की इस घड़ी में परम पावन दलाई लामा ने उनके गदेन फोडंग फाउंडेशन से दान देने के भी निर्देश दिए हैं। दलाई लामा ने इस त्रासदी को लेकर विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक को पत्र लिखकर इससे प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पत्र में दलाई लामा ने लिखा 'मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने



प्रियजनों को खोया है और इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं'। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र-समन्वित स्वास्थ्य टीमों के अलावा, गैर-सरकारी संगठन और दुनिया भर के कई देश भूकंप क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों में सहायता भेज रहे हैं, जोकि राहत की खबर है।

## यूएन प्रमुख ने कहा, दुनिया पर बड़े युद्ध का खतरा मंडरा रहा है

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस नौ आगाह किया कि दुनिया अभी तक के सबसे चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रही है और उस पर एक व्यापक युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। गुतारेस ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को इस माह के अंत में एक साल पूरा होने जा रहा है। गुतारेस ने कहा कि 2023 में दुनिया की स्थिति का सर्वेक्षण करने वाले विशेषज्ञों ने दावा किया कि 'डूम्सडे क्लॉक' में मध्य रात्रि (रात के 12 बजे) होने में अभी केवल 90 सेकंड का वक्त बचा है, जो ''पूर्ण वैश्विक तबाही'' के सबसे करीब है। 'बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स' के अनुसार, 'डूम्सडे क्लॉक' मानव निर्मित वैश्विक तबाही की आशंका को दर्शाने वाला प्रतीक है। विश्व निकाय के महासचिव ने यूक्रेन में युद्ध का जिक्र करते हुए कहा , '' जलवायु तबाही, बढ़ते परमाणु खतरे, दुनिया के अमीरों तथा वंचित वर्ग के बीच बढ़ती खाई और भू-राजनीतिक विभाजन...वैश्विक एकजुटता व विश्वास को कम कर रहे हैं।'' गुतारेस ने 193 सदस्य देशों की महासभा से निकट भविष्य में फैसले करने के अपने नजरिए को बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी कदम का कल हम पर क्या असर होगा उसे देखते हुए कार्रवाई करना ''गैर जिम्मेदाराना'' और ''अनैतिक'' है। उन्होंने कहा कि इस साल 'यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स' (मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा) की 75वीं वर्षगांठ यह याद दिलाने वाली होनी चाहिए कि सभी लोगों के अपरिहार्य अधिकारों की नींव ''स्वतंत्रता, न्याय और शांति'' है।

# तुर्किये-सीरिया त्रासदी में करीब 8 हजार मौतें

## दो भूकंप से तुर्किये 10 फीट खिसका, सीरिया की तुलना में 5-6 मीटर और अंदर धसने की आशंका

**तुर्किये।** तुर्किये और सीरिया में भूकंप से हालात बदतर होते जा रहे हैं। अब तक कुल 7,926 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों की संख्या 25 हजार के करीब पहुंच गई है। दोनों देशों की मदद के लिए 70 से भी ज्यादा देश आगे आए हैं। भूकंप का एपिसेंटर तुर्किये था। इसे देखते हुए एक्सपर्ट्स का कहना है कि यहां टैक्टोनिक प्लेट्स 10 फीट (3 मीटर) तक खिसक गईं। दरअसल, तुर्किये 3 टैक्टोनिक प्लेट्स के बीच बसा हुआ है। ये प्लेट्स हैं- एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट, यूरोशियन और अरबियन प्लेट।





एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट और अरबियन प्लेट एक दूसरे से 225 किलोमीटर दूर खिसक गई हैं। इसके चलते तुर्किये अपनी भौगोलिक जगह से 10 फीट खिसक गया है। इटली के सीस्मोलॉजिस्ट डॉक्टर कार्लो डोग्लियोनी ने बताया कि टैक्टोनिक प्लेट्स में हुए इस बदलाव के चलते हो सकता है कि तुर्किये, सीरिया की तुलना में 5 से 6 मीटर (लगभग 20 फीट) और अंदर धस गया हो। उन्होंने कहा- हालांकि ये जानकारी शुरुआती डेटा से मिली है। आने वाले दिनों में सैटेलाइट इमेज से सटीक जानकारी मिल सकेगी।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन का कहना है कि मौत का आंकड़ा 20 हजार के पार जा सकता है। तुर्किये में 5,894 लोगों की जान जा चुकी है और 34 हजार 810 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। सीरिया में 1,932 लोग मारे गए और 3,849 से ज्यादा जख्मी हैं। इस तरह मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,926 हो गई है।तुर्किये में 8 हजार लोगों को बचा लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए 24 हजार से ज्यादा बचावकर्मी तैनात किए हैं। यहां लगभग 3 लाख 80 हजार लोगों ने सरकारी शेल्टर और होटलों में शरण ली है।

**6 फरवरी को आए थे 3 बड़े भूकंप**

तुर्किये और सीरिया में 6 फरवरी को सुबह 3 बड़े भूकंप आए थे। तुर्किये के वक्त के मुताबिक, पहला भूकंप सुबह करीब चार बजे (7.8), दूसरा करीब 10 बजे (7.6) और तीसरा दोपहर 3 बजे (6.0) आया।

इसके अलावा 243 आफ्टर शॉक्स भी दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता 4 से 5 रही। तुर्किये में 7 फरवरी सुबह 8.53 पर फिर भूकंप आया। इसके बाद दोपहर 12.41 बजे 5.4 तीव्रता का भूकंप आया।

## किम जोंग उन ने सेना को जंग की तैयारी करने का आदेश दिया, पहली बार न्यूक्लियर मिसाइल ब्रांच का जिक्र किया

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, उन्हें बीते 36 दिन से किसी भी पब्लिक इवेंट में नहीं देखा गया था, जिसके बाद उनके बीमार होने की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि उन्होंने सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन की मीटिंग में हिस्सा लिया।

**जंग की तैयारियां बढ़ाने का आदेश**

इंडिपेंडेंट ने कोरियन सेंट्रल न्यून एजेंसी के हवाले से बताया कि किम की इस मेटिंग में टॉप मिलिट्री अधिकारी शामिल थे। उन्होंने सेना में जरूरी बदलाव करने और मिलिट्री को अंदर से मजबूती देने पर बात की। रिपोर्ट के अनुसार, किम ने अपनी सेना को युद्ध अभ्यास का विस्तार करने और जंग की तैयारियों को मजबूत करने का आदेश भी दिया है।



**पहली बार न्यूक्लियर मिसाइल ब्रांच का जिक्र**

न्यूज एजेंसी ने बताया कि नॉर्थ कोरिया के न्यूक्लियर मिसाइल टेस्ट्स पर नजर रखने वाले डिपार्टमेंट का नाम 'मिसाइल जनरल ब्यूरो' रख दिया गया है। यह पहली बार है जब पब्लिकली इस मिलिट्री ब्रांच का जिक्र किया गया हो। इसके अलावा, नॉर्थ कोरिया की मिलिट्री के कई डिपार्टमेंट्स के नए झंडे भी लॉन्च किए गए हैं। मिसाइल जनरल ब्यूरो ब्रांच के झंडे में देश की सबसे बड़ी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल Hwasong 17 का आइकन है।

**मिलिट्री के 75 साल पूरे होने पर होगी परेड**

नॉर्थ कोरिया की मिलिट्री 'कोरियन पीपल्स आर्मी' को 75 साल पूरे होने वाले हैं। इस मौके पर परेड ओहगी, जिसमें किम जोंग उन हिस्सा ले सकते हैं। यह परेड राजधानी प्योंगयांग में होगी। तानाशाह नी रविवार को एक जरूरी मीटिंग मिस की थी, जिसके बाद उनकी सेहत को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं।

**तानाशाह ने दूसरा सबसे बड़ा ब्रेक लिया**

गौरतलब है कि 36 दिन का यह ब्रेक किम के लिए दूसरा सबसे बड़ा ब्रेक था। इसके पहले साल 2014 में वे 40 दिन के लिए गायब हो गए थे, जिसके बाद उनकी मौत तक की आशंकाएं जताई गई थीं।

## रूस का यूक्रेन पर हमला कड़ी परीक्षा की तरह : बाइडन

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को स्टेट ऑफ द यूनियन (एसओटीयू) के संबोधन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था, कोरोना जैसे विषयों पर बात करते हुए रूस और चीन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला दुनिया के लिए एक परीक्षा रही। हिंसा मुक्त दुनिया की बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने नाटो को एकजुट किया और एक वैश्विक गठबंधन बनाकर रूसी आक्रामकता के खिलाफ खड़े हुए। उन्होंने डेमोक्रेट और रिपब्लिकन को लेकर कहा कि हमें अक्सर कहा जाता है कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन एकसाथ काम नहीं कर सकते लेकिन पिछले दो



वर्षों में हमने इसे गलत साबित किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में देश को घाटे से निकालने की लगातार कोशिशें की गई हैं। घाटे में 1.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की कटौती की गई। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को अस्तित्व का खतरा बताते हुए कहा कि इसकी वास्तविकता का सामना करना चाहिए।

## रूस के शीर्ष समाचार पत्र को बंद करने के फैसले पर अदालत ने लगाई मुहर

**मास्को।** रूस के शीर्ष स्वतंत्र समाचार पत्र को प्रशासन द्वारा बंद कर उसका लाइसेंस रद्द करने के फैसले को मास्को की एक अदालत ने सही ठहराया है। यह समाचार पत्र वर्षों से क्रेमलिन के प्रति आलोचनात्मक रवैया अपनाए हुए था।

प्रशासन द्वारा पिछले साल बंद किए जाने से पहले तक रूस के सबसे प्रतिष्ठित स्वतंत्र अखबार रहे नोवाया गजट के खिलाफ मास्को सिटी कोर्ट का यह फैसला ऐसे वक्त में आया है, जबकि रूस-यूक्रेन युद्ध का एक साल पूरा होने वाला है। अदालत ने मास्को की जिला अदालत के सितंबर के फैसले के खिलाफ नोवाया गजट की अपील खारिज कर दी। जिला अदालत ने अपने आदेश में नोवाया गजट का लाइसेंस रद्द करने वाली रूस के मीडिया नियामक की याचिका को मंजूरी दी थी। नियामक ने अखबार पर समय पर अपना न्यूजरूम चार्टर प्रशासन को देने में असफल रहने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि नोवाया गजट ने इससे इनकार करते हुए इसे स्वतंत्र आवाज को दबाने का प्रशासन का प्रयास बताया था। अखबार के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता प्रधान संपादक दमित्रि मुरातोव ने आए फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह उन मुट्ठी भर लोगों के हित में है जो देश को सिर्फ प्रोपगेंडा दिखाना चाहते हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ सुपुर्द-ए-खाक, अंतिम यात्रा में शामिल हुए पूर्व एवं मौजूदा सैन्य अधिकारी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम यात्रा में शामिल उनके परिजन, सगे-संबंधियों तथा कई सेवानिवृत्त व मौजूदा अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ यहां ओल्ड आर्मी ग्रेवयार्ड में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनरल (सेवानिवृत्त) मुशर्रफ के जनाजे की नमाज मलीर छावनी के गुलमोहर पोलो ग्राउंड पर एक सादे समारोह में पढ़ी गई। जिसमें राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शामिल नहीं हुए। हालांकि नमाज-ए-जनाजा में ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा, जनरल



(सेवानिवृत्त) अशफाक परवेज कयानी, पूर्व आईएसआई प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) शुजा पाशा एवं जनरल (सेवानिवृत्त) जहीरुल इस्लाम तथा कई सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों ने हिस्सा लिया। मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (पाकिस्तान) के नेता खालिद मकबूल सिद्दिकी, डॉ फारूक सत्तार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता आमिर मुकाम, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता और सिंध के पूर्व गवर्नर इमरान इस्माइल, पूर्व संघीय सूचना मंत्री जावेद जब्बार सहित कई नेता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

मुशर्रफ के ताबूत को पाकिस्तान के हरे और सफेद झंडे में लपेटा गया था। हालांकि, यह समारोह राजकीय सम्मान के साथ आयोजित नहीं किया गया। कराची में मुशर्रफ के प्रवक्ता ताहिर हुसैन ने कहा कि सैन्य सुरक्षा के तहत बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी, वरिष्ठ नौकरशाह और व्यवसायी जनाजे की नमाज में शामिल हुए।

वर्ष 1999 के करगिल युद्ध के मुख्य सूत्रधार और पाकिस्तान के सैन्य शासक जनरल मुशर्रफ कई वर्षों से बीमार थे।

## भारत से तुर्किये भेजी जा रही राहत सामग्री भरे विमान को पाकिस्तान ने नहीं दिया एयरस्पेस

**भारतीय राहत सामग्री तुर्किये पहुंचाने के लिए विमानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ा**

**इस्लामाबाद/ अंकारा।** तुर्किये में आए भीषण भूकंप के बाद मरने वालों की संख्या पांच हजार पार कर गयी है। ऐसे में तुर्किये व सीरिया सहित भूकंप प्रभावित देशों की मदद के लिए विमानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ा।



पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इस बीच तुर्किये व सीरिया सहित छह देशों में आया भूकंप जानलेवा साबित हो रहा है। खुद के आर्थिक संकट के कारण पाकिस्तान तुर्किये के पीड़ितों की मदद नहीं कर रहा है, लेकिन भारत से तुर्किये जा रही राहत सामग्री को समय पर वहां पहुंचाने की राह भी पाकिस्तान ने कठिन कर दी है। पाकिस्तान ने भारत से तुर्किये को भेजी जाने वाली सहायता सामग्री के लिए अपने वायु क्षेत्र की अनुमति देने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान को अपना दोस्त मानने वाला तुर्किये भी इस हरकत को लेकर निराश है। तुर्किये में भूकंप के बाद अब तक पांच हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। मलबे से लगातार शव निकाले जा रहे हैं। मृतकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। भूकंप की भयावहता को देखते भारत ने सहायता सामग्री तुर्किये भेजी है। यह सहायता सामग्री तुर्किये के लोगों तक जल्द से जल्द पहुंचाने के लिए भारत ने पाकिस्तान से उसके वायु क्षेत्र का प्रयोग करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन मानवीय सहायता के लिए अपने वायु क्षेत्र का प्रयोग करने देने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान की इस हरकत की वजह से भारत को लम्बा रास्ता तय करके राहत सामग्री को पहुंचाना पड़ा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## गुब्बारा फूटने से ड्रैगन का गुस्सा पहले ही सातवें आसमान पर था, बाइडन ने आग में और घी डाल दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने आसमान में उड़ रहे चीनी गुब्बारे को मार गिराया। मगर गुब्बारा फटते ही ड्रैगन का गुस्सा भी फट पड़ा। लेकिन अमेरिका को इस गुस्से की परवाह नहीं है इसीलिए उसने चीनी गुस्से की आग में घी भी डाल दिया है। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन को साफ-साफ चेतावनी दे डाली है कि अगर चीनी हिमाकत बढ़ी तो अमेरिका सख्त कार्रवाई करेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में कहा, 'मैं चीन के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जहां वह अमेरिकी हितों को आगे बढ़ा सकता है और दुनिया को फायदा पहुंचा सकता है।' उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अगर चीन हमारी संप्रभुता के लिए खतरे उत्पन्न करता है, तो हम अपने देश की रक्षा के लिए कार्रवाई करेंगे और आत्मरक्षा के लिए जो भी जरूरी कदम होंगे, वह उठाये जाएंगे।हम आपको बता दें कि अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते अटलांटिक महासागर के ऊपर संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को गिरा दिया है। इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा था कि वह इस मामले में ''दृढ़ता से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करेगा।'' अमेरिका ने इस मामले को लेकर चीन पर अमेरिकी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।बाइडन ने अपने भाषण में कई बार चीन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने से पहले कहानी यह थी कि कैसे चीन अपनी ताकत बढ़ा रहा है और अमेरिका दुनिया में पिछड़ रहा है। बाइडन ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, 'अब ऐसा नहीं है। मैंने राष्ट्रपति शी चिनफिंग को स्पष्ट किया है कि हम प्रतिस्पर्धा चाहते हैं, संघर्ष नहीं।'' उन्होंने कहा, 'मुझे कोई खेद नहीं है कि हम अमेरिका को मजबूत बनाने के लिए निवेश कर रहे हैं। अमेरिकी नवाचार, उद्योगों में निवेश और भविष्य को परिभाषित करेंगे और जहां चीन की सरकार हावी होना चाहती है।' उन्होंने कहा कि हमारी उन्नत प्रौद्योगिकियों की रक्षा के लिए हम हमारे गठबंधनों में निवेश कर रहे हैं और हमारे सहयोगियों के साथ काम कर रहे हैं, ताकि उनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ न हो पाए।''



# सराफा बाजार: सोने में उछाल, चांदी भी चमकी

**नई दिल्ली।** मौजूदा सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन आज सराफा बाजार में तेजी का रुख बना रहा। सोने और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में आज बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोने की कीमत में आज प्रति 10 ग्राम 177 रुपये की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी में भी आज 229 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त दर्ज की गई। इसके पहले मंगलवार को सोने का आखिरी बंद भाव 57,365 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी का आखिरी बंद भाव 67,134 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अमेरीका में महंगाई दरों में कमी आने और उसकी वजह से ब्याज दरों में राहत मिलने के संकेत दिए थे। इसकी वजह से पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट में तो तेजी आई ही थी, कॉमेक्स पर सोने की कीमत में भी मजबूती नजर आई थी। इसके साथ ही डॉलर इंडेक्स में भी गिरावट आई थी। माना जा रहा है कि वैश्विक परिस्थितियां लगातार गोल्ड मार्केट के लिए अनुकूल होती जा रही हैं, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस चमकीली धातु में तेजी का माहौल बना है। भारतीय सराफा बाजार में भी अंतरराष्ट्रीय बाजार की तर्ज पर तेजी का रुख बना हुआ है।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 177 रुपये की बढ़त के साथ चढ़ कर 57,542 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई।